


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 2, अंक : 347 रांची, मंगलवार, 02 दिसम्बर, 2025 (मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए का कश्मीर घाटी में करीब 10 जगह पर छापा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को दिल्ली ब्लास्ट मामले के सिलसिले में कश्मीर घाटी में करीब 10 जगह छापा मारा है। सूत्रों ने बताया कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने मौलवी इरफान अहमद वागे, डॉ. अदील, डॉ. मुजम्मिल और आमिर राशिद के घरों समेत करीब 10 जगहों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा कि शोपियां के नादिगाम गांव, कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा और पुलवामा के संबूरा गांवों में छापेमारी चल रही है। उन्होंने कहा कि टीमें ऐसे सबूत ढूंढ रही हैं जो व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े हो सकते हैं। एनआईए ने दिल्ली ब्लास्ट मामले में अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। 10 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास एक कार में हुए उच्च तीव्रता विस्फोट में कम से कम 15 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

### कार-ट्रक की भीषण टक्कर, पांच की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब एक नवविवाहित दंपति और उनके परिजन देवदर्शन के लिए तुलजापुर जा रहे थे। इस हादसे में नवविवाहित जोड़ा गंभीर रूप से है। हादसा सोलापुर की बार्शी तहसील के पांगरी गांव में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पांगरी गांव के पास जांभलबेट पुल पर एक तेज रफ्तार कार और ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस कार हादसे में जिन पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 26 नवंबर को विवाह बंधन में बंधे नवविवाहित दंपति अनिकेत गौतम कांबले और उनकी पत्नी मेघना अनिकेत कांबले गंभीर रूप से घायल हैं।

### इस साल एलओसी पर आठ आतंकवादी मारे गए : बीएसएफ आईजी

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को कहा कि कश्मीर फ्रंटियर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ के प्रयासों में इस साल कमी आई है, अब तक केवल चार प्रयासों की सूचना मिली है। इनमें से दो प्रयास ऑपरेशन सिन्दूर से पहले और दो उसके बाद किए गए। बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर हुमहामा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक यादव ने बताया कि इन घुसपैठों में 13 घुसपैठिए शामिल थे, जिनमें से आठ को सेना ने मार गिराया और पांच को पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि सेना के साथ समन्वय में नियंत्रण रेखा पर प्रभावी प्रभुत्व ने प्रयासों की संख्या को कम करने में योगदान दिया।

### सर्दियों में भोजन में अंकुरित अनाज को करें शामिल : आयुष विभाग

**नई दिल्ली।** सर्दियों के मौसम में आयुष विभाग ने अंकुरित अनाज को भोजन में शामिल करने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि अंकुरित अनाज न सिर्फ पाचन को दुरुस्त करते हैं, बल्कि शरीर को भीतर से पोषण देकर संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। अंकुरण की प्रक्रिया अनाज के पोषक तत्वों को कई गुना बढ़ा देती है। सामान्य मूंग या चना जब अंकुरित किया जाता है, तो उसमें प्रोटीन की मात्रा काफी बढ़ जाती है। इसके साथ ही विटामिन-सी, विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, आयरन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व भी ज्यादा मात्रा में मिलने लगते हैं। सबसे खास बात यह है कि अंकुरण के दौरान प्राकृतिक एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं, जो भोजन को आसानी से पचाने में मदद करते हैं। यही वजह है कि अंकुरित अनाज पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं।

# संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे के साथ शुरू

## लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हाथों में तख्तियां लेकर शुरू कर दी नारेबाजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की सोमवार सुबह शुरूआत हो गई। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष के अनेक सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर वेल में आ गए और एसआईआर को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से सदन चलाने में सहयोग की अपील और कहा कि सदन चर्चा और संवाद के लिए है, सदन चलने दें। इससे पहले, विश्वकप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम, ब्लाइंड क्रिकेट टीम और कबड्डी टीम को शानदार सफलता के लिए लोकसभा में बधाई दी गई।

बता दें कि लोकसभा में जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान विपक्ष के अनेक सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए वेल में आ गए। इस हंगामें पर स्पीकर ओम बिरला ने नाराजगी जताई और कहा कि इस तरह से सदन को बाधित करना ठीक नहीं है। सभापति ने कहा कि आप लोग तख्तियां लेकर आ रहे हैं, यह उचित नहीं है। यहां से तो पूरी दुनिया में यह संदेश जाना चाहिए कि भारत की संसद सक्रिय रूप से चलती है, और सभी सांसद इसमें भागीदारी निभाते हैं। स्पीकर ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीट में जाने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह हंगामा करना ठीक नहीं है। इस अपील का हंगामा कर रहे सदस्यों पर असर होता नहीं दिखा।



### लोस से मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पास कर दिया है। यह विधेयक अध्यादेश की जगह लेगा। इसके साथ ही लोकसभा



की कार्यवाही 02 दिसंबर तक के लिए स्थगित हो गई, जो मंगलवार सुबह 11:00 बजे फिर से शुरू होगी। इससे पहले संसद की शीतकालीन सत्र के पहले दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025, नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 और मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पेश किया। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025, मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (दूसरा संशोधन) अध्यादेश की जगह लेगा, जिसे 7 अक्टूबर, 2025 को जारी किया गया था। वित्त मंत्री ने इससे पहले लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 पेश किया। यह विधेयक नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रिसोर्स बढ़ाने और इन मकसदों के लिए उन मशीनों या दूसरे प्रोसेस पर सेस लगाने के लिए है, जिनसे कुछ सामान बनाया या प्रोड्यूस किया जाता है और उससे जुड़े या उससे जुड़े मामलों के लिए है। इसके अलावा सीतारमण ने संसद के निचले सदन लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पेश किया। ये विधेयक सेंट्रल एक्साइज एक्ट, 1944 में और बदलाव करेगा।

## सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र की शुरूआत लोकसभा में अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से संवाद करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि संसद में नीति पर गंभीर और रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि हंगामा या प्रदर्शन। उन्होंने कहा कि संसद देश की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र है, इसलिए यहां ड्रामा नहीं बल्कि परिणाम व प्रभावी काम होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष समेत सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सत्र को सुचारू, गरिमापूर्ण और सार्थक बनाने में सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि नारेबाजी और शोर-शराबे की राजनीति से देश का भला नहीं होता, बल्कि सकारात्मक बहस और ठोस नीतिगत फैसलों से आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा, सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। नारे नहीं, नीति पर जोर देना चाहिए और इसके लिए नीयत भी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए चुनाव परिणामों को लेकर कुछ राजनीतिक दल अभी भी निराशा से उबर नहीं पाए हैं, लेकिन संसद इस निराशा को व्यक्त करने का स्थान नहीं है।



### किसी पक्ष की पराजय की बौखलाहट का मैदान नहीं बनना चाहिए सत्र : पीएम

**उन्होंने** कहा कि सत्र किसी पक्ष की पराजय की बौखलाहट का मैदान नहीं बनना चाहिए और न ही किसी की जीत के अहंकार का मंच होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नकारात्मकता और विरोध के नाम पर हंगामा करने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और देश के विकास की गति प्रभावित होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में युवा सांसदों को अधिक अवसर देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की सोच, ऊर्जा और दृष्टिकोण से संसद को दिशा मिलने की क्षमता है। युवा सदस्य यदि सक्रियता से सहभागिता करें तो देशहित में महत्वपूर्ण विचार और सुझाव सामने आ सकते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संसद कार्य करने की जगह है, प्रदर्शन का मंच नहीं। हमें जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना होगा और जनता की उम्मीदों को पूरा करना होगा, उन्होंने कहा। अपनी अपील को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी दल देशहित को सर्वोपरि रखें और इस सत्र को उत्पादक, संतुलित और सकारात्मक बनाने में सहयोग दें। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सत्र जनहित से जुड़े फैसलों के लिए यादगार बनेगा और लोकतंत्र को मजबूत करने का अवसर देगा।

## पूर्वी सीमा को मजबूत करने के लिए तीन नए सैन्य ठिकानों पर हो रहा निर्माण

**ये बेस रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स, इंटेलिजेंस यूनिट और पैरा स्पेशल फोर्स से लैस होंगे**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक भी कहा जाता है, यहां तीन नए मिलिट्री बेस बनाने पर काम कर रही है। यह कॉरिडोर भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्यों को बाकी देश से जोड़ने वाली करीब 22 किलोमीटर चौड़ी एक पतली पट्टी है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब चीन, बांग्लादेश के साथ मिलकर इस संवेदनशील क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। भारत का यह कदम स्ट्रेटेजिक पोजीशन में एक बड़े बदलाव का संकेत है। भारत अपनी पूर्वी सीमा को मजबूत करने इन तीन नए सैन्य ठिकानों लचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन, फॉरवर्ड बेस और फॉरवर्ड बेस का निर्माण कर रहा है। ये बेस सिर्फ रक्षा के लिए नहीं हैं। ये रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स, इंटेलिजेंस यूनिट और पैरा स्पेशल फोर्स से लैस होंगे। इनका मुख्य उद्देश्य यह तय करना है कि इस जरूरी कॉरिडोर की सुरक्षा से कभी कोई समझौता न हो। चोपड़ा में बन रहा इंस्टॉलेशन बांग्लादेश की सीमा से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर है।

## देश की बीस विधानसभाएं डिजिटल हुईं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत चल रही राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) परियोजना ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। अब तक देश की राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की 20 विधानसभाओं को पूरी तरह से डिजिटलीकरण कर दिया गया है। यह जानकारी संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। मुरुगन ने बताया कि इस परियोजना का लक्ष्य देश के सभी 37 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों को डिजिटल बनाना है। इसलिए, अब तक 28 राज्य और प्रदेशों ने इस परियोजना को लागू करने के लिए



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 20 विधानसभाओं में पहले ही नेवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल शुरू हो चुका है और पूरी तरह से डिजिटल हो गए हैं।

मंत्री ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य विधानमंडल सचिवालयों की सभी शाखाओं का कंप्यूटरीकरण करना, ताकि जानकारी का आदान-प्रदान तेजी से होगा। साथ ही विधायकों, सचिवालय कर्मचारियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण कार्यक्रम, विधायकों की सहायता के लिए विशेष 'नेवा सेवा केंद्र' स्थापित करना और सार्वजनिक पोर्टलों के माध्यम से विधायी जानकारी को आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय सभी विधानमंडलों को एक समान डिजिटल स्तर पर लाने के लिए आवश्यक आईसीटी बुनियादी ढाँचा प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, लोगों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, नेवाप्लेटफॉर्म में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 'भाषिणी' के ऐसे टूल लगाए गए हैं जो टेक्स्ट को टेक्स्ट में और बोली को टेक्स्ट या आवाज में अनुवाद कर सकते हैं, जिससे प्लेटफॉर्म को किसी भी भाषा में इस्तेमाल करना आसान हो गया है।

## बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान, बादल छाने से बढ़ी ठंड

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बंगाल की खाडी में बने उठे चक्रवाती तूफान दितवाह के असर से रांची सहित राज्य के कई जिलों में बादल सोमवार को बादल छाया रहा। बादल छाने से दिनभर कनकनी का एहसास हुआ। यह जानकारी मौसम विभाग ने सोमवार को दी। विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान दिटवाह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाडी और इससे सटे तमिलनाड एवं पुडुचेरी के तटीय इलाकों में बना हुआ है और यह धीरे-धीरे उत्तरी दिशा की ओर बढ रहा है। इसके अगले कुछ घंटों में डिप्रेशन (अबदाब) में परिवर्तित होने की आशंका है।



इसके प्रभाव से झारखंड के विभिन्नु जिलों में मंगलवार को भी बादल छाये रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार बुधवार (तीन दिसंबर) से मौसम साफ होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 29.8 डिग्री और सबसे कम तापमान 10.3 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आसमान में काले और घने बादल छाये रहे।

## प्रधानमंत्री लोक प्रशासन उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए 2035 नामांकन

**पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्रीय कार्यक्रमों के तहत जिलों का समग्र विकास के लिए 05 पुरस्कार दिये जायेंगे**

**737 जिलों ने किया है पंजीकरण**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री लोक प्रशासन उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 के लिए कुल 2035 नामांकन प्राप्त हुए हैं। यह पुरस्कार देशभर के सिविल सेवकों के उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि 01 अक्टूबर 2025 को शुरू हुए नामांकन पोर्टल पर 30 नवंबर 2025 तक पंजीकरण करके नामांकन जमा किया गया। इसमें कुल 737 जिलों ने पंजीकरण किया है। पुरस्कारों को तीन मुख्य श्रेणियों के तहत सिविल सेवकों के योगदान को मान्यता देने के लिए डिजाइन किया गया है। बयान के मुताबिक, पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्रीय कार्यक्रमों के तहत जिलों का समग्र विकास के लिए 05 पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें कुल 513 नामांकन प्राप्त हुए हैं जबकि दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लिए भी 05 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें 464 नामांकन भरे गये हैं। तीसरी श्रेणी में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और जिलों के लिए नवाचार के क्षेत्र में 06 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसके लिए कुल 1058 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने सी.पी. राधाकृष्णन का स्वागत कर कहा -

## सामान्य परिवार से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर लोकतंत्र की असली ताकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राज्यसभा में नव-निर्वाचित सभापति और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए उन्हें भारतीय लोकतंत्र की सशक्त मिसाल बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामान्य पृष्ठभूमि से राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लंबे संघर्षों के बाद उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचना लोकतांत्रिक व्यवस्था की वास्तविक शक्ति और




उसकी समान अवसर देने की क्षमता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में कहा कि सभापति के रूप में सी.पी. राधाकृष्णन का सदन का नेतृत्व करना सभी सदस्यों के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने कहा आपके मार्गदर्शन में देश को प्रगति की राह पर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, निर्णय और आपकी अमूल्य दिशा-ये सब हम सभी के लिए बहुत बड़ा अवसर है। सदन की ओर से और व्यक्तिगत रूप से मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सदन के सभी सदस्य उच्च सदन की गरिमा और सभापति के पद की मयार्दा को सदैव बनाए रखेंगे।

### कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने की छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा

# छात्रवृत्ति वितरण की धीमी गति पर जताई चिंता, अधिकारियों को फटकार

**वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पहले छात्रवृत्ति वितरण का सख्त निर्देश**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सोमवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी हाल में छात्रों की छात्रवृत्ति मिलने में देर नहीं होनी चाहिए। बोकारो, चतरा, गिरिडीह जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 1-8 और कक्षा 9-10 तथा पोस्ट मैट्रिक में शत -प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण की धीमी गति पर जताई चिंता। उन्होंने बोकारो,चतरा, गिरिडीह जिला के जिला कल्याण पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया।

**ससमय करें छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी कार्रवाई**

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को यथाशीघ्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पहले छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी कार्रवाई करने का सख्त निदेश दिया साथ ही सभी जिलों के उपायुक्तों को ससमय जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर लम्बित छात्रवृति के आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया।



## भारत में अकबर या बाबर बनकर कोई नहीं रह सकता : जगतगुरु रामभद्राचार्य

एजेंसी

**संभल।** जगदगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि भारत माता को डायन कहने वालों को तो हम सहन नहीं करेंगे। यहां अकबर बन कर या बाबर बन कर तो कोई यहां नहीं रह सकता। यहां रहना है तो स्वामी तुलसीदास, सूरदास या कबीरदास बन कर रहो। भारत में रहने वाले सभी लोगों को वंदे मातरम गायन करना चाहिए और गाय को माता मानकर पूजा करनी चाहिए। वंदे मातरम न कहने वाले पाकिस्तान चले जाएं। जगदगुरु रामभद्राचार्य उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के एंचौड़ा कम्बोह में स्थित कल्कि धाम में आयोजित कल्कि



महोत्सव में प्रथम श्रीकल्कि कथा सुनाने पहुंचे हैं। धाम में सोमवार से सात दिवसीय श्री कल्कि कथा का आयोजन शुरू हुआ है। यह दिसंबर तक चलेगी। कल्कि धाम पहुंचने पर पद्मविभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रथम श्रीकल्कि कथा से पहले पत्रकारों से वार्ता की।

# विधानसभा के प्रभारी सचिव हुए सेवानिवृत, रंजीत कुमार ने संभाला पदभार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सभागार में आज सेवानिवृत्त प्रभारी सचिव माणिक लाल हेमब्रम के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। माणिक लाल हेमब्रम, संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत रहते हुए प्रभारी सचिव का दायित्व निभा रहे थे और 30 नवंबर 2025 को वे सेवानिवृत्त हुए। उनकी जगह संयुक्त सचिव रंजीत कुमार को झारखंड विधानसभा का नया प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ही रंजीत कुमार ने अपने नए दायित्व का पदभार ग्रहण किया।
37 वर्षों की अपने दीर्घ सेवा अवधि में श्री हेमब्रम ने बिहार विधानसभा सचिवालय एवं झारखंड विधानसभा सचिवालय में विभिन्न शाखाओं और समितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे अवर सचिव, उप सचिव के पदों पर कार्य करते हुए 25 अक्टूबर 2013 को संवर्गीय पदोन्नति प्राप्त कर संयुक्त सचिव के पद पर आसीन हुए। अंततः प्रभारी सचिव के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने अपनी सेवाएं पूरी कीं।



विदाई समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि विदाई हमेशा भावुक क्षण होता है, लेकिन सरकारी सेवा में नियुक्ति के दिन से ही सेवानिवृत्ति का दिन निश्चित हो जाता है। उन्होंने श्री हेमब्रम के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रभारी सचिव रंजीत कुमार, विधानसभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री हेमब्रम के योगदान की सराहना की और उनके सम्मान में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

# नीरजा सहाय डीएवी में एड्स जागरुकता अभियान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में जीव विज्ञान विभाग द्वारा एड्स जागरुकता अभियान के मद्देनजर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को इस जानलेवा बीमारी के विषय में जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत विद्यालय के वरीय शिक्षक संजीव प्रसाद ने एड्स से जुड़े आंकड़े और तथ्य प्रस्तुत किए। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान की छात्राओं तन्वी, आकांक्षा और खुशी ने अपने भाषण में इस बीमारी के लक्षण, प्रसार और बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी साझा की। इसी क्रम में विद्यालय की वरीय शिक्षिकाओं अनामिका हर्षवर्धन एवं प्रेमलता पांडे ने सभा को पॉस्को एक्ट और शॉ एक्ट के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि चाहे बच्चा हो या कर्मचारी सभी के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। यदि उनके साथ कोई गलत व्यवहार हो रहा हो तो उसकी सूचना विद्यालय के संबंधित अधिकारियों को प्रदान करें या वे स्वयं भी सरकार के



पोर्टल पर जा कर शिकायत कर सकते हैं। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाती है। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि हमें न केवल अपने बल्कि दूसरों के अधिकारों के प्रति भी संवेदनशील होना होगा। तभी हम एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## संक्षिप्त

### डोकाद-बुडाडीह सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

**राहे।** विधायक अमित महतो ने राहे प्रखंड के दोकाद पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल डोकाद से बुडाडीह तक 1.800 किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित महतो के उपस्थिति में वृद्धा रोहिणी देवी ने किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जाना है । शिलान्यास समारोह में विधायक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण किया जाना है। सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर से मजदूरों को भुगतान किया जाना है। ग्रामीण स्वयं निर्माण कार्य का निगरानी करेंगे। मौके पर जिप सदस्य बादल महतो,प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर,सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सोनाहातू में 5 दिसम्बर को मारंग बुरु पर्व

**सोनाहातू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सेरेंगहातू नीमडीह के मारंगबुरु पहाड़ तलहट्टी में मारंग बुरु जतरा/पर्व को लेकर मारंग बुरु पर्व कमिटी का बैठक ललिन पहान की अध्यक्षता में किया गया। संचालन वरुण मुंडा ने किया। समिति ने मारंग बुरु पर्व शनिवार 5 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया ।पर्व को लेकर की कई बिंदुओं पर चर्चा किया। पर्व को शांतिपूर्ण और उल्लास के साथ मनाने के लिए बारीकी से चर्चा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में मारंग बुरु पर्व कमिटी के सचिव मुखिया विकास सिंह मुंडा,अध्यक्ष ललिन पहान मुंडा, उपाध्यक्ष दिवेश्वर मुंडा, उपसचिव कालेश्वर मुंडा,कोषाध्यक्ष उपानंद सिंह मुंडा, वरण सिंह मुंडा, पंचानन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष सिदाम सिंह मुंडा, सचिव सबरन सिंह मुंडा व अमर सिंह मुंडा, सोमा मुंडा, मुन्नालाल मुंडा, मधु सुदन मुंडा, महेश मुंडा, रविन्द्र मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, बिरसा मुंडा, नगेंद्र मुंडा, सेरेंगहातू, जिन्तू, गलऊ, नीमडीह के ग्रामीण मौजूद थे।

### सिल्ली राजवाड़ी परिसर में हरे कृष्ण उत्सव 9 दिसम्बर को

**सिल्ली।** सिल्ली राजवाड़ी परिसर में आगामी 9 दिसम्बर को इस्कॉन अनुमोदित नामहट्ट संघ सिल्ली के तत्वावधान में हरे कृष्ण उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में इस्कॉन नामहट्ट संघ के मुख्य क्षेत्रीय निदेशक गौरांग प्रेम स्वामी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सिल्ली नामहट्ट संघ के बल्लभ निताई दास उर्फ बुद्ध देव कुशवाहा ने इसकी जानकारी देते हुए आम जनों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## एनयूएसआरएल रांची में तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से बचाव पर राष्ट्रीय सेमिनार

# स्वास्थ्य मंत्री बोले - कानून तो हैं, अब इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर देना होगा ध्यान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची में उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से सुरक्षा - चुनौतियां एवं आगे की राह विषय पर राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शामिल हुए। इस सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू एवं निकोटिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाना तथा निकोटिन पाउच जैसे उभरते उत्पादों पर वैश्विक नियामक ढांचा साझा करना था।
कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने उद्घाटन वक्तव्य में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि युवाओं को नशे के खतरे से बचाने के लिए सख्त नीतियों, बेहतर जागरूकता और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, यहां के बच्चे पढ़ाई खत्म करके अच्छे वकील और जज बनेंगे। देश की जनता न्यायपालिका की तरफ उम्मीद और विश्वास के साथ देखती है। मुझे भरोसा है कि आप सभी अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाएँगे। विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका का समन्वय आवश्यक है। नशे की लत में सैकड़ों जानें जा रही हैं– इसके बचाव के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एल. स्वस्तिचरण, उप महानिदेशक एवं निदेशक (इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ), स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत में उभरते निकोटिन उत्पादों के नियमन की यात्रा और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।




**कार्यक्रम में इन वक्ताओं ने भी रखी बात:** वंदना शाह, उपाध्यक्ष, सीटीएफके - निकोटिन पाउच के वैश्विक नियामक परिदृश्य, प्रवीण सिन्हा, एनपीओ, डब्ल्यूएचओ - उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों के स्वास्थ्य जोखिम और वैश्विक रुझान, गौरव गुप्ता, सीनियर रिसर्च कंसल्टेंट, रंजीत सिंह, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट - इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रवर्तन से जुड़ी चुनौतियां, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. सिद्धार्थ सेन्याल, निदेशक-इन-चीफ, स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड - राज्य में निकोटिन उत्पादों का उपयोग और आंकड़े। कार्यक्रम का समापन डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे, एसोसिएट प्रोफेसर, एनयूएसआरएल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन युवाओं में तंबाकू-मुक्त वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य आदतों और सुरक्षित भविष्य के निर्माण के प्रति एनयूएसआरएल की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है।

## सिल्ली कॉलेज में विश्व एड्स दिवस मनाया गया

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में आईक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस ) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कॉलेज में प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ सुरेश चंद्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कॉलेज के सीमा ग्रुप ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि एड्स की जागरूकता ही बचाव है । एड्स एक वायरस से फैलता है जिसे एचआई वी कहते है, एचआईवी शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता को घटाता है, जिसे एक साथ कई बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ने लगती है। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि इस बिमारी को लेकर लोगों जागरूक करना है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ सुरेश चंद्रा,एवं स्वास्थ्य कुर्मी सुरेन्द्र नाथ महतो ने एड्स के संक्रमण, लक्षण एवं बचाव की विस्तृत जानकारी दिए । कॉलेज के स्वयंसेवक खुशी मुखर्जी, सुलेखा कुमारी, सीमा कुमारी, ललिता कुमारी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार दत्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन एनसी महतो ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी स्वयंसेवक आदि उपस्थित थे।



## क्रिकेट मैच में मोबाइल चोरी करने वाला तीनपहाड़ गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान उमड़ी भारी भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह को रांची पुलिस ने धर दबोचा है। यह गिरोह झारखंड के साहेबगंज जिले के तीनपहाड़ और तीनझाड़ी थाना क्षेत्र से आया था। पुलिस ने इनके पास से आठ चोरी के मोबाइल और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार हुए अभियुक्त में देव कुमार, राजू कुमार और दीपक कुमार शामिल है।
एसएसपी राकेश रंजन के आदेश पर जिले भर में एंटी-क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दलादली टीओपी क्षेत्र के ललगुटवा ओवरब्रिज के नीचे चौक पर पुलिस बल चेकिंग कर रहा था। चेकिंग के दौरान, एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से कुल छह मोबाइल फोन बरामद किया गया। इनके साथ 12 वर्ष का एक किशोर भी पाया गया।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्री बोर्ड-1 परीक्षा शुरू, पहले दिन 13,436 छात्र हुए शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व स्कूली छात्रों की तैयारियों को परखने और बोर्ड परीक्षाओं के लिए उन्हें मानसिक और बौद्धिक रूप से तैयार करने के लिए राज्य में संचालित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में सोमवार से 10 वीं और 12 वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुईं। प्री बोर्ड 1 में राज्य के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पढ़ने वाले 13,436 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।
छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ परीक्षा में अपनी सहभागिता दी। प्री बोर्ड परीक्षा में दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल 98 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। कक्षा 10 वीं के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सातवीं और कक्षा 12 वीं के लिए 17 विषयों का प्रश्न पत्र स्कूलों को उपलब्ध कराया गया था। 10 वीं प्री बोर्ड की परीक्षाएं राज्य के 76 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित की गयी, जबकि 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं राज्य के 71 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित हुई।



**मोबाइल फोन ले जाना था वर्जित**

पहले दिन कक्षा 10 वीं में विज्ञान और बारहवीं में भौतिक विज्ञान, जियोग्राफी और बिजनेस स्टडीज की प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित हुईं। परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए सीबीएसई के दिशा निदेशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा कक्ष में बच्चों के पेयजल की व्यवस्था भी की गयी थी। कक्षा में मोबाइल फोन सहित अन्य चीजों को ले जाना वर्जित था।

## क्षत्रिय महासभा सिल्ली की बैठक संपन्न

**सिल्ली।** क्षत्रीय महासभा सिल्ली की एक बैठक सिल्ली नीचे टोला में सुभाष सिंह के आवास में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने की एवं संचालन सुभाष सिंह ने किया। बैठक में समाज की मजबूती एवं एकता को लेकर चर्चा की गई। वहीं समाज की ओर से आगामी जनवरी माह में वार्षिक वनभोज के आयोजन की तैयारी को लेकर भी चर्चा किया गया। इस मौके पर, संजीत सिंह देव, रवि शंकर सिंह, सरोज सिंह, नागेश्वर सिंह, जगत सिंह, अशोक सिंह, सुखलाल सिंह, कृष्णा सिंह, हीरा सिंह, काली चरण सिंह, अमर सिंह, संदीप सिंह देव, बिनोद सिंह, गौरी नाथ सिंह, राज कुमार सिंह, उमेश सिंह आदि उपस्थित थे।



## मंच ने सड़क किनारे से बिजली खम्भे और अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन



**इटकी।** प्रखंड में विद्युत विभाग द्वारा सड़कों के किनारे मनमाने ढंग से बिजली का खम्भा लगाने के विरोध में जन आदोलन मंच ने कड़ा आपत्ति जताया है। सोमवार को मामले को लेकर मंच ने सीओ मो० अनीश को ज्ञापन सौंपा है। मंच ने आरोप लगाया है सड़क के किनारे काफी जगह होने के बावजूद विभाग के संवेदक ने जानबूझ कर सड़क के नजदीक पर खंम्भा स्थापित किया है। जिससे दुर्घटना की प्रबल संभावना बढ़ गयी है वही भविष्य में सड़क चौड़ीकरण योजना भी प्रभावित होगी। मौके पर मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष मुर्तजा आलम ने जानकारी दी कि सरकार द्वारा ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत इटकी में सड़क , मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों का विकास कार्य व्यापक रूप से चल रही है वही विद्युति करण का भी विस्तार कार्य चल रहा है। किन्तु संवेदक सरकार की मानक नियमों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने इटकी पावर हाउस से लेकर प्रखंड मुख्यालय और थाना परिसर तक कई स्थानों पर लोगों ने सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर रखे है। उन्होंने चेताया है कि समय रहते सरकारी भूमि से अतिक्रमण और गलत तरीके से लगाये गये बिजली खम्भों को नही हटाया गया तो मंच वाध्य होकर आदोलन कर सड़क पर उतर आयेगा। सीओ को ज्ञापन सौंपने में केंद्रीय अध्यक्ष मुर्तजा आलम, प्रखंड अध्यक्ष सईद अंसारी, उपाध्यक्ष अहमद अंसारी, मंजर अंसारी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## रांची में महिला की हत्या, पति गंभीर रूप से घायल

**रांची।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। महिला के घर से उसका गला रेता हुआ शव मिला है, जबकि महिला के पति भी धारदार हथियार के हमले में गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान ममता करमाली और घायल की पहचान उनके पति लालू करमाली के रूप में हुई है। पुलिस को घटना की जानकारी सोमवार की शाम को हुई। पुलिस के जरिये घायल लालू करमाली को रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल होने की वजह से लालू का बयान पुलिस नहीं ले पाई है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात सोमवार की शाम लगभग चार बजे दंपती के घर में हुई। मामले की जानकारी पड़ोसियों की ओर से पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो खून से सने दोनों पति पत्नी मिले। दोनों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां ममता देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि लालू करमाली की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सिल्ली डीएसपी अनुज ने बताया कि ममता देवी की धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है। जिस समय वारदात को अंजाम दिया गया, उस समय दंपती के घर में कोई मौजूद नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एफएसएल की टीम को बुला कर भी जांच की गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि किसी तीसरे व्यक्ति ने धारदार हथियार से दंपती पर हमला किया और वारदात के बाद फरार हो गया।

## मुफ्त शिक्षा और युवा विकास जैसे दावे राज?य सरकार की घोषणाओं तक ही सीमित : राफिया

**रांची।** झारखंड में छात्रवृत्ति वितरण में लगातार हो रही देरी को लेकर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में गैर-जरूरी कार्यक्रमों और राजनैतिक दिखावे पर बजट बेझिझक खर्च किया जा रहा है, जबकि छात्रों की मूलभूत छात्रवृत्ति के लिए सरकार वही तत्परता नहीं दिखा रही है। राफिया नाज ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सरकार रोजगार देने और शिक्षा को प्राथमिकता देने के दावे करती है, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि 2023-24 से 2024-25 तक कई जिलों में ओबीसी और अन्य पिछड़े वर्ग के हजारों छात्र पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित हैं। उन्होंने जिलेवार स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि धनबाद में 25 हजार से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त ओबीसी छात्रों को कई महीनों से छात्रवृत्ति नहीं मिली है। पूर्वी सिंहभूम में कॉलेज स्तर पर 500 और प्री-मैट्रिक में 10,459 छात्रों का भुगतान लंबित है। रांची में भी 2023-24 के प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के 74,353 मामलों में राशि अब तक जारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति स्पष्ट करती है कि समस्या कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे राज्य में फैली हुई है। राफिया ने आरोप लगाया कि मुफ्त शिक्षा, महिला शिक्षा और युवा विकास जैसे दावे सिर्फ घोषणाओं तक सीमित हैं। जमीन पर छात्र अब भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी में भव्य फुटबॉल मैच का आयोजन

## अंडर-17 भारतीय महिला टीम की सदस्य दिव्यानी लिंडा बनीं मुख्य आकर्षण

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मां वैष्णवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी में एक दिवसीय भव्य फुटबॉल मैच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की सदस्य दिव्यानी लिंडा, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में दिव्यानी लिंडा के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी राखी कुमारी और कोच एनवारूल हक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के अध्यक्ष ए. के. तिवारी, सचिव जनार्दन पाठक, रिलेशंस निदेशक आशुतोष द्विवेदी, प्राचार्या दीपा सिन्हा, उप प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दिव्यानी लिंडा ने अपने अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद झारखंड के खिलाड़ी मेहनत और लगन से देशभर में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। बस मेहनत, हिम्मत और लगन को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्रामीण फुटबॉलरों को कई तकनीकी टिप्स दिए और खिलाड़ियों के साथ एक मैत्री मैच भी खेला। मुख्य मैच सिद्धार्थ इंटरनेशनल फुटबॉल क्लब और यंगर क्लब के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन के बाद सिद्धार्थ इंटरनेशनल फुटबॉल क्लब ने 2-1 से जीत दर्ज की और ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वैष्णवी खेल सम्मान समारोह के तहत फुटबॉल को बढ़ावा देने में योगदान देने वाले स्कूल, संस्था एवं क्लबों को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी के टेक्लाल कुमार, रिशु कुमार, स्वेता कुमारी, रोहित महतो, सतरा जीत, विमला, मंजु, किरण, पुष्पा, इंद्रजीत सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## खिजरी विस में कांग्रेस का बीएलए सम्मेलन कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन सृजन के तहत बूथ लेवल पर प्रतिनिधियों की नियुक्ति जारी है। 15 दिसंबर तक सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति करने का निर्देश जिला अध्यक्षों को दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने सोमवार को बताया कि संगठन सृजन के तहत प्रखंड पंचायत स्तर पर संगठन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि बीएलए की नियुक्ति अभियान के तहत खिजरी विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले अनगड़ा के 16 पंचायत, नामकुम के 22 पंचायत, नगड़ी के तीन पंचायतों के 630 पंचायत पदाधिकारी और बीएलए का सम्मेलन नामकुम प्रखंड के रामपुर पंचायत के लपंगटोली में 4 दिसंबर को आयोजित किया गया है।

# सीए के विद्यार्थियों ने एनबी आइसक्रीम फैक्ट्री का किया शैक्षणिक भ्रमण

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रांची शाखा के सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने आज रांची के सीए विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्री विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत टाटीसिलवे इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एन बी आइसक्रीम का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।




इस कार्यक्रम में 40 सीए विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस क्रम में विद्यार्थियों ने आइसक्रीम निर्माण, पैकेजिंग, लागत नियंत्रण, वित्तीय प्रबंधन तथा इससे संबंधित एकाउंटिंग प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। कार्यक्रम में रांची शाखा के सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दिलीप कुमार, रांची शाखा के सचिव सीए भुवनेश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल भी उपस्थित रहे।

फैक्ट्री मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आइसक्रीम निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए किस प्रकार के मानकों का पालन किया जाता है। विद्यार्थियों को रॉ मैटेरियल की उपलब्धता, स्टोरेज और सप्लाई चेन मैनेजमेंट का व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया गया। पैकेजिंग यूनिट में आधुनिक मशीनरी की कार्यप्रणाली और स्वचालित सिस्टम के माध्यम से होने वाले कार्यों पर विशेष जानकारी दी गई। इसके अलावा, फैक्ट्री के एकाउंटिंग सिस्टम, लागत लेखांकन, आंतरिक नियंत्रण एवं दैनिक वित्तीय लेन-देन के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया। मैनेजमेंट टीम ने उद्योग जगत में वित्तीय अनुशासन और सटीक लेखांकन की महत्वता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दिलीप कुमार ने कहा कि इंडस्ट्री विजिट विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं और प्रक्रियाओं से परिचित कराती हैं। सीए पाठ्यक्रम में सिद्धांत के साथ-साथ वास्तविक कारोबारी अनुभव अत्यंत उपयोगी होता है। अध्याक्ष ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। भविष्य के पेशेवर दायित्वों के लिए उन्हें बेहतर तैयार करते हैं। अंत में उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे और कार्यक्रमों की निरंतरता की उम्मीद जताई।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रत्युष ने जीता कांस्य

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीबीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र प्रत्युष कुमार ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक (तीसरा स्थान) प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 11 से 13 नवंबर 2025 तक पालजोर स्टेडियम, गंगटोक, सिक्किम में आयोजित की गई थी। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 25 राज्यों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रत्युष ने कांस्य पदक हासिल किया। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रत्युष कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।




## संक्षिप्त

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत पुलिस जांच में जुटी



**रांची।** रांची के मेन रोड स्थित द केन नामक होटल की निमार्णाधीन इमारत से गिरकर सोमवार को एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मजदूर ऊपरी मंजिल पर काम कर रहा था, तभी अचानक फिसलकर नीचे गिर गया। गिरने के तुरंत बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूर बिना किसी उचित सुरक्षा उपकरण ( सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट) के ऊंचाई पर काम कर रहा था। इसे निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही हिंदपीढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### स्मार्ट सिटी से एक व्यक्ति का शव बरामद, ठंड से मौत की आशंका



**रांची।** पुलिस ने रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्मार्ट सिटी इलाके से एक अज्ञात व्यक्ति का सोमवार को शव बरामद किया है। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर धुर्वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि ठंड लगने से वृद्ध व्यक्ति की मौत हुई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक भीख मांग कर अपना गुजारा करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात शव मिलने के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

## वर्ल्ड एड्स डे पर रांची सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

# लोगों को एचआईवी के संक्रमण के बारे में जागरूक करें : अभियान निदेशक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची :** सदर अस्पताल स्थित ऑडिटोरियम में विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन 1 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभियान निदेशक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) शशि प्रकाश झा ने युवाओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को एचआईवी के संक्रमण के बारे में जागरूक करें। झारखंड को एचआईवी के संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान निदेशक ने कहा कि झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एड्स बीमारी के रोकथाम या बचाव के लिए निरंतर कार्यक्रम चलाया जा रहे है। कार्यक्रम से आम लोगों को जोड़कर उनकी एड्स की जांच करके एचआईवी संक्रमण बचाया जा सकता है। समिति द्वारा आम लोगों को जागरुक करते हुए रक्तदान अभियान भी चलाया जाता है। इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक संख्या में युवा वर्ग रक्तीदान करें, ताकि राज्य में रक्त की कमी को दूर किया जा सके।



कार्यक्रम में शिरकत करते हुए राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश प्रसाद ने कहा कि एचआईवी संक्रमण के कारणों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों के प्रति किसी तरह का भेदभाव ना हो इस दिशा में भी जनमानस को जागरूक करने की जरूरत है। एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा विभाग की ओर से प्रदान किया जाना चाहिए। अपर परियोजना निदेशक डॉ एसएस पासवान ने कहा कि एचआईवी की रोकथाम के लिए झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा राज्य के सभी जिलों में 65 आईसीटीसी केंद्रों के माध्यम से जांच एवं काउंसलिंग की सुविधा प्रदान करते हुए संक्रमित पाए जाने वाले लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य में 13 आर्ट केंद्र खोले गए है। इससे एचआईवी संक्रमितों को मुफ्त इलाज के साथ-साथ मुफ्त में दवा की भी सुविधा प्रदान की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

सदर अस्पताल रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि रांची के विभिन्न नर्सिंग कॉलेज और अन्य कॉलेजों से आए छात्राओं ने एड्स की जागरुकता को लेकर बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। युवाओं में एड्स के प्रति जागरुकता देखकर ऐसा लगता है कि एड्स बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सदर अस्पताल रांची तथा एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर को सम्मानित किया गया। एचआईवी की बेहतर जांच के लिए रिम्स रांची तथा एमजीएम कॉलेज में हॉस्पिटल के आईआरसीटीसी केंद्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा एचआईवी संक्रमित लोगों को समय पर दवा एवं इलाज प्रदान करने के लिए आर्ट केंद्र एमजीएम कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर और रिम्स रांची को सम्मानित किया गया।

– पेज 12 भी देखें।

## वृंदावन से पहुंचे अनुराग कृष्ण शास्त्री को सभा ने किया सम्मानित



**रांची।** वृंदावन से पहुंचे भागवत किंकर अनुराग कृष्ण शास्त्री (श्री कन्हैया) को मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की ओर से सोमवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किंकर अनुराग कृष्ण शास्त्री ने मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के सदस्यों को संक्षेप में सनातन धर्म यात्रा के बारे में बताया और उनकी ओर से चलाए जा रहे गुरुकुल के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष रवि शर्मा, मंत्री किशन लाल शर्मा, महेंद्र शर्मा, नथमल शर्मा, भोपाली शर्मा,चेतन शर्मा, विनय (जुगु) जोशी, कमल शर्मा सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, श्री श्याम बाल मंडल की ओर से भी अनुराग कृष्ण शास्त्री का स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में सभा के दिनेश शर्मा, रजनीकांत शर्मा, अंकिता अग्रवाल, अंकित माटोलिया, सूरज सोनी सहित अन्य का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 : रांची के लाल ने लहराया जीत का परचम

**रांची।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 25 से 30 नवंबर तक आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में रांची के कांके निवासी अखलाक खान ने 94 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रांची शहर, झारखंड और देश का परचम लहरा दिया। वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था ।




इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अखलाक खान ने देश को गौरवान्वित करते हुए 94 किलोग्राम वर्ग के डेड लिफ्ट में स्वर्ण पदक और फुल पावर लिफ्टिंग में सिल्वर पदक प्राप्त किया । मध्यम वर्ग परिवार के अखलाक ने यहां तक पहुंचाने के लिए काफी संघर्ष किया । उनके पास प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पैसे नहीं थे, उन्होंने राज्य सरकार, विभिन्न पब्लिक सेक्टर व प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों का दरवाजा खटखटाया लेकिन सभी जगह से उन्हें निराशा ही हाथ लगी । एक समय तो वह निराश हो चुके थे लेकिन फिर कुछ शुभचिंतकों ने उनका हौसला बढ़ाया और सभी ने राशि इकट्ठा कर उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने को भेजा। अखलाक खान ने उन्हें निराश नहीं किया और विश्व मंच पर रांची के साथ झारखंड प्रदेश और भारत का परचम लहरा दिया । रांची और प्रदेशवासियों को उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन पर गर्व है ।

## झामुमो वार्ड संख्या 2 के अध्यक्ष चुने गए विष्णु राम

**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर अंतर्गत वार्ड संख्या 2 का सम्मेलन सोमवार को कांके रोड स्थित हतमा डहुटोली क्लब में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य एवं महानगर संयोजक अन्तु तिर्की ने की। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य एवं जिला–महानगर संयोजक अश्विनी शर्मा, केंद्रीय सदस्य डॉ. हेमलाल कुमार मेहता (हेमू), महानगर संयोजक प्रदीप मिर्धा, संयोजक आशुतोष गोस्वामी, विजय महतो, विश्जीत गोप, वरिष्ठ नेता विश्वास उरांव एवं मनीष गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में वार्ड नंबर 2 की नई कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए— अध्यक्ष विष्णु राम, उपाध्यक्ष नितेश खलखो,सतीश खलखो, अशोक लुगुन, करण करमाली, सनोज नायक, अविनाश लकड़ा,विशाल लिण्डा एवं विक्की कुमार। सचिव – रोशन लकड़ा। कोषाध्यक्ष अंकित भाड़ा, संगठन सचिव सुमित कच्छप, विकेश उराँव, अनुज कुंकल, सह सचिव – अंथोनी सांगा, अमित खलखो, रोहित हेम्ब्रोम, चंचल खलखो एवं अजय राम। इसके अतिरिक्त मनीष गुप्ता सहित कुल 59 कार्यकारिणी सदस्य भी घोषित किए गए। सम्मेलन में नवनिर्वाचित टीम ने संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



## रेस्टोरेंट कारोबारी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट कुप्पुस्वामी के मालिक शंकर नारायण ने सोमवार को कांके थाना क्षेत्र के जगतपुरम कॉलोनी स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। उनका शव घर के कमरे से बरामद किया गया। सूचना मिलने पर कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पुलिस निगरानी में नीचे उतारा गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से सुसाइड नोट की तलाश जारी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकर नारायण पिछले कुछ समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। कर्ज का दबाव उनकी आत्महत्या की मुख्य वजह बताई जा रही है।



शंकर मूल रूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बड़े भाई वेलाई का भी रांची के हजारीबाग रोड पर होटल का व्यवसाय है। वेलाई ने बताया कि दोनों भाई हर साल गांव के मंदिर में होने वाली पूजा में शामिल होने के लिए केरल जाते थे, लेकिन इस बार शंकर नहीं गए। पहले ही कर्ज को लेकर उनकी चिंता साफ दिख रही थी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और पूरे मामले की विस्तृत छानबीन की जा रही है।

## आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति की बैठक सम्पन्न

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को मोरहाबादी स्थित आदिवासी छात्रावास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश मिंज ने की। बैठक में संगठन के पुनर्गठन एवं विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

संगठन ने तय किया कि 7 दिसंबर 2025 को सिमडेगा में छात्र संघ का पुनर्गठन एवं विस्तार हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही समिति ने परिसीमन के खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी तय हुआ कि गुमला में आदिवासी मुद्दों को लेकर एक बड़ी रैली निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के युवाओं एवं छात्र समुदाय को व्यापक रूप से जोड़ा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. सुशील कुमार मिंज, सुरेश टोप्पो, सतीश कुमार भगत, महावीर उरांव, रौशन खलखो, सुदेश उरांव, पाला टोप्पो, परमेश्वर उरांव, तेज सिंह मुंडा, मदन उरांव, सुखदेव कच्छप, महावीर मुंडा, प्यारू उरांव और संजय महली उपस्थित थे। संगठन ने कहा कि आने वाले समय में आदिवासी अधिकारों, छात्र हितों और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा।



# कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता, घरेलू की कीमत स्थिर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पेट्रोलियम कंपनियों ने राहत दी है। गैस सिलेंडर की कीमत में 10 रुपये की कमी की गई है। फिलहाल, कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत घटाई गई है। नई कीमत 1 दिसंबर, 2025 से लागू हो गई।

**कमर्शियल सिलेंडर सस्ता :** पेट्रोलियम कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 8 अप्रैल को 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। नवंबर, 2025 में इसकी कीमत 1743 रुपये थी। यह दिसंबर, 2025 में घटकर 1733 रुपये हो गई है।




**घरेलू में बदलाव नहीं :** प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 14 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 910.50 रुपये हो गई थी। नई कीमत 6 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गई थी। फिलहाल इसकी कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ग्राहकों को 1 दिसंबर, 2025 से भी घरेलू सिलेंडर के लिए यही राशि चुकानी होगी।

**5 केजी के दाम :** कंपनी के अनुसार 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 9 मार्च, 2024 से 321.50 रुपये हो गई थी। कीमत 8 अप्रैल, 2025 को बढ़ाकर 339.50 रुपये कर दी गई थी। दिसंबर, 2025 में भी ग्राहकों को इसके लिए 339.50 रुपये देने होंगे।

**10 केजी की कीमत :** पेट्रोलियम कंपनी के अनुसार 10 किलोग्राम वाली गैस सिलेंडर की मार्च, 2024 से कीमत 622.50 रुपये कर दी गई थी। कीमत 8 अप्रैल, 2025 को 658.00 कर दी गई थी। दिसंबर, 2025 में भी यही कीमत चुकानी होगी।

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

## ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से सैकड़ों लोग पहुंचे अपनी फरियाद लेकर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से आयोजित जनता दरबार में सोमवार को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से सैकड़ों लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जिला के सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए लोगों ने भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रमाण-पत्र निर्गमन, राजस्व से संबंधित मामले, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं विकास से जुड़ी विभिन्न शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा।

जनता दरबार में उपस्थित प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लंबित शिकायत या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



उपायुक्त की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को राहत देने और उनकी समस्याओं का एक ही मंच पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और आवश्यकता पड़ने पर स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत का अनावश्यक लंबित रहना स्वीकार्य नहीं होगा। सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गंभीर प्रकृति के मामलों में अधिकारी स्वयं क्षेत्र का निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वापरि होनी चाहिए।

# चैंबर ने राज्य में एनजीटी के आदेश पालन कराने को लेकर की चर्चा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की माइनिंग और इंवायरमेंट उप समिति की संयुक्त बैठक चेंबर भवन में सोमवार को हुई। बैठक में भारत सरकार की ओर से प्रकाशित नए गजट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से पारित आदेशों पर झारखंड सरकार की ओर से माइनर मिनरल व्यापारियों को राहत देने पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि गत सप्ताह माइनिंग और इंवायरमेंट उप समिति के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक से मुलाकात की थी। इस क्रम में केंद्र की ओर से प्रकाशित गजट के जल्द पालन और एनजीटी के आदेशों को लागू करने के लिए जरूरी निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था।




**जरूरी कार्रवाई करने का सचिव ने दिया आश्वासन :** प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर विभागीय सचिव ने आश्वस्त किया कि इस मामले में गठित समिति के जरिए जरूरी कार्रवाई जल्दी की जाएगी। इसके अलावा उप समिति ने निदेशक-खान, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव और सिया के सदस्य सचिव से भी मुलाकात की और गजट में वर्णित संशोधित मानकों को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के आदेशों के तहत लघु खनिज (पत्थर सहित) के खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए जो संशोधित मापदंड लागू किया जाएगा।

# पारा शिक्षक हत्याकांड में पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में पारा शिक्षक मुकरु देवगम की पत्थर और लाठी डंडा से पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। घटना 30 नवंबर 2025 को हुई थी, जब मृतक मुकरु देवगम पुरनापानी बाजार टॉड में सप्ताहिक बाजार करने पहुंचे थे। हड़िया पीने के विवाद में हुई थी मारपीट पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने हड़िया या रासी पीने को लेकर मुकरु देवगम से लड़ाई की और फिर पत्थर और डंडे से निर्मम पीट कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल पुलिस ने तकनीकी शाखा के सहयोग से तीनों अभियुक्तों को ग्राम केंजरा से गिरफ्तार किया और उनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थित दर्ज कराने के बाद जेल भेजा गया है। पुलिस ने जब्त किया सामान पुलिस द्वारा जब्त किए गए समान में खून लगा पत्थर, लकड़ी का डंडा और आरोपियों के घटना के समय पहने हुए कपड़े शामिल हैं। पुलिस टीम में शामिल छापामारी दल में अनु०पु०पदा० राफाएल मुर्मू, जगन्नाथपुर, पु०अ०नि० सुकुमार हेम्ब्रम, पु०अ०नि० राजीन रंजन मिश्रा, पु०अ०नि० रणधीर कुमार, टोन्टो थाना, पु०अ०नि० सिवास्टीयन मुर्मू हवलदार अशोक झा, एवं आ0-193 ललित केरोबिन बाड़ा, आ0-564 रतिया उराँव, टोन्टो थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# उपायुक्त ने मनरेगा कर्मियों की सुनी समस्या और मांगें, कार्रवाई का दिया भरोसा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों और हाल में बर्खास्त किए गए कर्मियों की सेवा-वापसी को लेकर उपायुक्त को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद उपायुक्त ने मनरेगा कर्मचारी संघ की पांच सदस्यीय समिति को वार्ता के लिए बुलाया। समिति ने जानकारी दी कि बाहर जिले भर के मनरेगा कर्मी मौजूद हैं। इसके बाद सभी को सभागार कक्ष बुलाया। सभागार कक्ष में उपायुक्त ने कर्मियों की समस्याएं, आशंकाएं और मांगें सुनीं। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि कोई भी निर्दोष मनरेगा कर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। सभी कर्मी बिना किसी भय या दबाव के स्वतंत्र होकर कार्य करें। यदि किसी को अनावश्यक परेशान किया गया तो तत्काल मुझे सूचित करें। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जिन कर्मियों की सेवा समाप्त की गई है, उनके प्रकरणों की पुनः जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। समीक्षा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद मनरेगा कर्मियों में भरोसा, ऊर्जा और सम्मान की भावना और मजबूत हुई। जिला इकाई के मनरेगा कर्मियों ने उपायुक्त के सहयोगात्मक रुख व संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि प्रशासन के सहयोग से विकास कार्य और बेहतर तरीके से आगे बढ़ेंगे।

## संक्षिप्त

### पुस्तक विक्रेताओं का संवाद आज

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल में नियमित रूप से आयोजित होने वाले कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में इस बार पुस्तक विक्रेताओं और स्टेशनर्स को आमंत्रित किया गया है। सदर एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम मंगलवार को प्रातः 11 बजे अनुमंडल सभागार में होगा। एसडीएम ने बताया कि इस साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए त्वरित व व्यावहारिक पहल सुनिश्चित करना है। प्रत्येक सप्ताह किसी अलग समूह को आमंत्रित कर उनकी बातें प्राथमिकता के साथ सुनी जाती है।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने किया अलाव का इंतजाम



**गढ़वा।** जिले में बढ़ती ठंड से आमजन को राहत दिलाने के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई। संस्था की ओर से रंका मोड़, मझिआंव मोड़ समेत कई अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाए गए, जिससे राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को ठिठुरन से बड़ी राहत मिली। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। पारा लगातार गिरते हुए जनजीवन प्रभावित होने लगा है। इसे देखते हुए सोसाइटी ने तुरंत अलाव की व्यवस्था करने का निर्णय लिया।

### डॉ. अम्बेडकर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**देवघर।** जिले के देवीपुर प्रखंड अंतर्गत सिरसिया गांव में सोमवार को भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर कोचिंग का उद्घाटन किया गया! कोचिंग के संचालक उमेश कुमार दास ने बताया कि यहां कक्षा एक से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थी की पढ़ाई होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार और रवि रंजन, जिला प्रभारी संजय दास, मीडिया प्रभारी युवराज कुमार, छक्कू दास, मुचकुन्द दास, विनोद कुमार दास, मिथुन दास, अमित राजेश मंडल, सुरेश मंडल ,माथुर तरी निरंजन दास ,समेत दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा एवं सदर अस्पताल प्रबंधन चाईबासा के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के नर्सिंग कॉलेज में विधिक जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए चाईबासा मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव रवि चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि विश्व एड्स दिवस 1988 के बाद से प्रत्येक साल 01 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, उन्होंने कहा कि आज भी एचआईवी एड्स को लेकर गलत धारणाएं, सामाजिक कलंक और डर कई मरीजों के जीवन को प्रभावित करती है, जबकि सच यह है कि एचआईवी का समय पर पता लगाना, दवाइयां और देखभाल व्यक्ति को पूरी तरह सामान्य जीवन जीने में सक्षम बनाती है, इसलिए इस दिन का मकसद सिर्फ बीमारी के बारे में बात करना नहीं बल्कि जागरूकता फैलाना और समर्थन देना है साथ ही यह भी स्वीकार करना है कि एड्स कोई अपराध या शर्म नहीं बल्कि चिकित्सा और संवेदना से संभाली जा सकने वाली बीमारी है। इस मौके पर एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें शामिल प्रतिभागियों ने इसके विरुद्ध अपनाई जाने वाली हिदायतों के संदेश को प्रसारित किया। सदर अस्पताल की ओर से उप सिविल सर्जन डॉ शिवचरण हांसदा ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। शिविर को सफल बनाने में अधिकार मित्र एजाज हुसैन, डी एल एस ए के सहायक मौ नदीम की भूमिका सराहनीय रही। दूसरे अन्य कार्यक्रम में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में भी एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल चाईबासा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के संयुक्त तत्वावधान में संबंधित विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां किशोरवय विद्यार्थियों ने इस विषय पर प्रावधानों को चित्रांकन के माध्यम से प्रस्तुत किया, श्रेष्ठ चित्रांकन को प्राधिकार के सचिव श्री चौधरी और उप सिविल सर्जन डॉ शिवचरण हांसदा ने सम्मानित भी किया, मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही।

# सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण पर कई दल फैला रहे भ्रम : कर्मकार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहन कर्मकार ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण मुक्त शहर अभियान को लेकर कुछ राजनीतिक दल बिना तथ्यों को समझे भ्रम फैलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा अभियान पूरी तरह से उच्च न्यायालय के आदेश पर आधारित है और इसमें सरकार या मुख्यमंत्री की ओर से किसी भी प्रकार की मनमानी नहीं की गई है। ये बाते कर्मकार ने साकची स्थित पार्टी के जिला संपर्क कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कही। मोहन कर्मकार ने पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाए गए आरोपों को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि झामुमो ने ही भुईयां को तीन बार विधायक और दो बार कैबिनेट मंत्री बनाया, लेकिन वे उसी पार्टी और उसके नेतृत्व पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को गलत ठहराने का यह प्रयास सिर्फ राजनीतिक हताशा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बस्तीवासियों के घरों और दुकानों पर कार्रवाई जरूर हुई है, लेकिन इसके बदले उनके लिए पुनर्वास और आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। पीएम आवास योजना बंद होने के बाद राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई आबुआ आवास योजना पर झूठ फैलाना सरासर जनता को गुमराह करने जैसा है।

# सीआरपीएफ कैंप में 134 बटालियन के एसआई की तबीयत बिगड़ने से मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र स्थित सारंडा के दीघा सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित 134 बटालियन के एसआई भुलन राम (59) का रविवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। रात में अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें तत्काल कैंप के जवानों द्वारा उड़ीसा के बिसरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, एसआई भुलन राम को देर रात अचानक तेज उल्टी होने लगी, जिसके बाद स्थिति गंभीर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा के लिए रवाना किया गया, परंतु उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना से सीआरपीएफ कैंप में शोक की लहर है।

# बेखौफ बदमाशों ने लाईन होटल में की चार राउंड फायरिंग, आठ पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** उपराजधानी दुमका में रविवार देर रात हुई फायरिंग की घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दुमका के डीआईजी आवास से महज कुछ दूरी पर स्थित होटल राधिका के सामने बदमाशों की ओर से की गई खुलेआम गोलीबारी ने पुलिस और खुफिया तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है कि अपराधियों के हौसले पुलिस की नाकामी के कारण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गोलीबारी की इस घटना को अंजाम देनेवालों में सात युवकों में से गोली चलाने वाले की पहचान बाबुल यादव उर्फ पांडू के रूप में की गई है। इसके अलावा किशोर यादव उर्फ पुक्कू, भानू , बिक्रम दास ,सुबोध झा, मुकेश यादव और कुड़कुड़िया भी फायरिंग में शामिल बताये गये है। मामले में पुलिस ने आठ नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि फायरिंग की घटना जिस स्थान पर हुई, वह आईजी और डीआईजी आवास के साथ-साथ पुलिस लाइन से भी कुछ ही दूरी पर है। राजधानी जैसी सुरक्षा वाले इलाके में अपराधियों का बिना डर होटल पर हमला करना और फरार हो जाना पुलिस की मौजूदगी और सतर्कता पर बड़ा सवाल है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि पुलिस को घटना की भनक तक नहीं लगी। खुफिया तंत्र फेल, अपराधियों के हौसले बुलंद घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ और मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु तब तक आरोपित भाग चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किए हैं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की बात कह रही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शहर में अवैध हथियार कैसे पहुंच रहे हैं, अपराधी खुलेआम घूम कैसे रहे हैं और पुलिस को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिलती। होटल संचालक और ग्राहकों में शनिवार को हुआ था झगड़ा होटल संचालक प्रतुल मंडल ने बताया कि शनिवार रात एक ग्राहक से विवाद हुआ था। रविवार शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया था। इसके बावजूद देर रात करीब 10:30 बजे सभी बदमाश होटल के सामने पहुंचे।

### श्रम कानून संशोधन के विरोध में सशक्त संयुक्त मोर्चा यूनियन की रैली




**गुवा।** केंद्र सरकार द्वारा पुराने श्रम कानून एक्ट को समाप्त कर नया श्रम कानून लागू किए जाने के विरोध में सशक्त संयुक्त मोर्चा यूनियन ने सोमवार देर शाम गुवा में जोरदार प्रदर्शन किया। यूनियन के कार्यकर्ता एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों से जुड़े दर्जनों मजदूर सीटू कार्यालय से रैली के रूप में निकले। रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए श्रमिक बिरसा मुंडा चौक पहुंचे और वहां स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। रैली के बाद बिरसा मुंडा चौक के समीप एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित नेताओं ने केंद्र सरकार के नए श्रम कानून को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि इससे श्रमिक वर्ग के अधिकारों एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से नए कानून को वापस लेने और पुरानी व्यवस्था को कायम रखने की मांग की। इस विरोध कार्यक्रम में यूनाइटेड मिनिरल्स वर्कर्स यूनियन, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ, झारखंड मजदूर यूनियन तथा सारंडा युवा बेरोजगार संघ के प्रतिनिधि भी शामिल थे। नेताओं ने एकजुट होकर श्रमिक हितों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन चलाने की बात कही। सभा की अध्यक्षता सीटू के अध्यक्ष इंद्रमणि बेहरा ने की। इस दौरान महासचिव रमेश गोप, झारखंड मजदूर यूनियन के महामंत्री हेमराज सोनार, एचएमएस के महासचिव राकेश सुंडी, सारंडा युवा बेरोजगार संघ के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह, मलय पाणिग्राही, जगदीश उरांव, टीआर पटनायक सहित कई नेता और मजदूर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगों पर विचार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय पठानमारा में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान




**सरायकेला।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर सोमवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय पठानमारा में महिला अपराध नियंत्रण, रोकथाम व सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई महिला थाना प्रभारी एसआई कुमारी तिलोत्मा ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं, ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर महिला थाना प्रभारी ने प्रतिभागियों को महिला संबंधी अपराधों से बचाव, आत्मसुरक्षा के उपाय, पॉक्सो एक्ट के प्रावधान, अफीम और गांजा की अवैध खेती की रोकथाम, नशा मुक्ति के महत्व, आपातकालीन सेवा डायल-112 की उपयोगिता, साइबर फ्रॉड की शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर-1930, बाल विवाह निषेध कानून तथा महिलाओं के विभिन्न कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून सभी पीड़ितों के साथ खड़ा है, जरूरत सिर्फ जागरूक होने और बिना डर पुलिस से संपर्क करने की है। साइबर ठगी, घरेलू हिंसा, छेड़खानी या किसी भी अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। अफीम व गांजा की खेती और नशे के कारोबार को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे दूर रहने और पुलिस को सूचना देने पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान छात्राओं और महिलाओं की शंकाओं का भी समाधान किया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने युवाओं से कानून का पालन करते हुए अपराध मुक्त समाज बनाने में साझेदार बनने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी से सक्रिय रूप से जागरूकता फैलाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की गई।

### रबी फसल के लिए पीएमबीएफबीवाई में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

# मात्र 1 रुपये में प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से किसान कराएं रबी फसल का बीमा

**पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा- मैट्रिक व इंटर की परीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण, अवसर ना चूकें**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम का 16वां संस्करण 1 दिसंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश के बाद सभी तालाब और कुएं लबालब भरे हुए हैं। इसका लाभ किसान रबी सीजन में उठाएं। रबी की फसल किसान करें। यह अवसर ना जाने दें। गेहूं, सरसों, चना आदि का बीज 50 प्रतिशत के अनुदान पर दिया जा रहा है। बीज विनिमय योजन के अंतर्गत किसानों को यह सुविधा सरकार की ओर से दी जा रही है। बीज की गुणवत्ता भी बेहतर रहती है।

उपायुक्त ने कहा कि किसान ना सिर्फ फसल लगाएं, बल्कि बीमा भी कराएं। मात्र 1 रुपये टोकन मनी के रूप में चुकाकर कोई भी किसान प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है, जिसकी अंतिम तिथि 31.12.2025 है। फसल की क्षति होने पर किसान टॉल फ्री नबंर 14447 पर कॉल कर अपने फसल की क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर दे सकते हैं। लोहरदगा जिला में तिलहन व दलहन फसलों के उत्पादन की भी संभावना है। इनकी मांग पूरे वर्ष भर रहती है। साथ ही इसमे मूल्य भी अच्छा मिलता है। परीक्षा महत्वपूर्ण, अवसर ना चूकें उपायुक्त ने कहा कि फरवरी में माध्यमिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा होने वाली है, जिसकी तैयारी सभी-छात्राएं मन लगाकर करें। अपने क्षेत्र के बच्चों पर ध्यान दें, ताकि वे इन परीक्षा में शामिल होने से ना चूकें। साथ ही, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नियमित प्रेरित करें। अपनी पंचायत में नियमित रूप से वैसे बच्चों पर नजर रखें, जो इधर-उधर घूमते हुए पाए जाते हैं। वैसे बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय अवश्य भेजें।

# द राइट ट्रेक ताइक्वांडो अकादमी के बच्चों को मिला ग्रीन बेल्ट

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** द राइट ट्रेक ताइक्वांडो अकादमी के बच्चों ने ग्रीन बेल्ट लाकर धनबाद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अकादमी सेंटर पॉइंट, बैंक मोर में बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर ने बच्चों को बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सम्मानित हुए बच्चों में नूर व्यास, आराध्या पांडे, रितु कुमारी, लिखीता शर्मा, प्राची, श्रुति शर्मा, सांची गोस्वामी, मिस्बा, सोनाली कुमारी, आदिति श्रीवास्तव, पहल जैन, दीक्षा, युवान गोयल, समृद्ध, वैभव, रितेश, राज आर्य, आर्यन, सुनीरमल, रुद्र चौहान, फरहाद अंजुम, उदय पंडित, रजत गुप्ता, दीपक, अयान देय, अभिजीत प्रजापति के साथ कोच विशाल कुमार पंडित, भवानी कुमार चौहान शामिल थे। इस अवसर पर समाजसेवी नीलकमल खवास ओर ताइक्वांडो अकैडमी सेंटर पॉइंट के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का भंडाफोड़, सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** जिले में ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है। बेटिंग रैकेटसे जुड़े छत्तीसगढ़-बिहार के सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मास्टरमाइंड छत्तीसगढ़ दुर्ग वैशाली भिलाई के राहुल सिंह लोधी, बिहार के औरंगाबाद मदनपुर के दलेल बिघा के सुजीत कुमार विश्वकर्मा और अजीत कुमार, औरंगाबाद मदनपुर के आजन के रोहित कुमार, बोकारो के जगेश्वर तिरला कुंदा के जुबेर अंसारी, रामगढ़ पतरातू के तालाटांड़ के अयाज आलम एवं रांची तमाड़ पुण्डीदीरी के अक्षय कुमार शामिल हैं। एसपी ने बताया कि यह ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा के माध्यम से ठगी का धंधा तीन महीने से जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के पीछे अनिल विश्वकर्मा के घर में चल रहा था। सभी छत्तीसगढ़ के महादेव बेटिंग एप के फ्रेंचाइजी 141 के नाम से खेलोयार साइट से जुड़े थे। एसपी ने बताया कि खेलोयार साइट का संचालन दुबई से हो रहा है, जबकि इसका मास्टरमाइंड बिहार के औरंगाबाद और छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं। बेटिंग एप साइट के सभी सर्वर दुबई में हैं, पूरा नेटवर्क का करीब 40 हजार करोड़ का कारोबार है। यह नेटवर्क क्रिप्टो करेंसी का इस्तेमाल करता है। फ्रेंचाइजी के जरिए 50 से 60 लाख का ट्रांजेक्शन होता है। आरोपितों के पास से एक लैपटॉप, एक टैब, म्यूल अकाउंट से लिंक्ड 15 मोबाइल फोन, 9 एटीएम कार्ड सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। कार्रवाई करनेवाली टीम में हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब टीम के साथ शामिल थे।

# कांग्रेस का मीडिया टैलेंट हंट को लेकर 5 तक जमा होंगे आवेदन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मीडिया टैलेंट हंट अभियान चला रही है। इसके तहत पार्टी से जुड़ी नीतियों और विचारों को सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाने के लिए योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में कोल्हान प्रमंडल स्तर पर बैठक और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कोल्हान के समन्वयक अख्तर अली ने कहा कि यह अभियान युवाओं को राजनीति और मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि पूरे कोल्हान में कांग्रेस जिलों के माध्यम से आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योग्य अभ्यर्थी 5 दिसंबर तक अपना आवेदन जिला कांग्रेस कार्यालय, तिलक पुस्तकालय, बिष्टुपुर में जमा कर सकते हैं। अली ने बताया कि सभी आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद 15 दिसंबर से प्रदेश स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होगी। कई चरणों के इंटरव्यू के बाद चयनित प्रतिभागियों को कांग्रेस पार्टी के मीडिया पैनलिस्ट के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। चयनित युवाओं को कांग्रेस के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय नेताओं के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। बैठक में जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजीव मिश्रा सहित कई कांग्रेस नेता विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में खगेन चंद्र महतो, संजय सिंह आजाद, प्रवक्ता शमशेर खान, अपर्णा गुहा, सोशल मीडिया चेयरमैन राजकुमार वर्मा, राजा सिंह राजपूत, सुल्तान अहमद सहित अन्य कांग्रेसी नेता भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### नदी में डूबने से युवक की मौत, बचाने के बजाय मौके से भागे दोस्त

**धनबाद।** निरसा क्षेत्र के बार बेंदिया नदी घाट पर रविवार सुबह एक हादसा सामने आया, जहां नहाने के दौरान लगभग 35 वर्षीय युवक धनु रवानी की डूबने से मौत हो गई। शव सोमवार को गोताखोरों की मदद से नदी से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार मृतक धनु रवानी रविवार सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ नदी घाट पर पार्टी करने पहुंचा था, बताया जा रहा है कि सुबह में नहाने के क्रम में धनु गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इस घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू रहा कि साथ आए युवक के दोस्तों ने उसे बचाने की कोई कोशिश नहीं की और सभी मौके से भाग निकले। वे इतना घबराए हुए थे कि खाने-पीने की सामग्री भी वहीं छोड़कर फरार हो गए और तो और उन्होंने घटना की सूचना देना भी धनु के परिवार को उचित नहीं समझा। धनु के डूबने की खबर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से उनके परिवार तक पहुंची। इसके बाद मृतक की पत्नी तुलसी रवानी ने एमपीएल ओपी पहुंचकर प्रभारी सुमन कुमारी को इस संबंध में लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की, लेकिन दिन डूबने और अंधेरा छा जाने के कारण रविवार को खोज अभियान सफल नहीं हो पाया।

### जर्जर सड़कों के विरोध में विधायक का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**धनबाद।** जिले में जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर लंबे समय से चल रही मांग को मजबूती देने के लिए विधायक राज सिन्हा ने सोमवार एक दिसंबर से धनबाद नगर निगम कार्यालय के समक्ष सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अनिश्चितकालीन धरना दिया। धरना स्थल पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं, विधायक ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर उनकी मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई तो वे नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो अगले 48 घंटे में नगर आयुक्त के चेंबर के बाहर धरना देकर तीव्र आंदोलन करेंगे। विधायक ने आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों से धनबाद की प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही है।

# एचआईवी/एड्स के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता और समय पर जांच है : डॉ. अशोक कुमार

**हमारा उद्देश्य सिर्फ स्वास्थ्य शिक्षा नहीं, बल्कि संवेदनशील और जागरूक समाज का निर्माण है : हर्ष अजमेरा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** एचजेडबी आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सशक्त और प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने संस्थान के सामाजिक दायित्व और सामुदायिक स्वास्थ्य संवेदना को दृढ़ता से उजागर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसका अर्थ था ज्ञान और उम्मीद की रोशनी से बीमारी विरोधी लड़ाई को आगे बढ़ाना। दीप प्रज्वलन के बाद निदेशक हर्ष अजमेरा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में नर्सिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स सम्बन्धी मिथकों, सामाजिक कलंक और रोग प्रतिरोधक संदेशों को अवगत कराने हेतु एक सशक्त नाट्य प्रस्तुति दी। इस नाटक में शामिल संवादों और दृश्यों ने न केवल बीमारी से जुड़ी गलतफहमियों का पर्दाफाश किया बल्कि परीक्षण, सुरक्षित व्यवहार और सहानुभूति के महत्व को भी भावपूर्ण तथा तार्किक रूप से प्रस्तुत किया। मंचीय प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को सोचने पर मजबूर कर दिया और कई दर्शक प्रस्तुति के बाद अपनाने जाने योग्य व्यवहारिक सुझावों पर चर्चा के लिए खड़े दिखे। नाटक के अतिरिक्त आयोजन में क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गई, जिनमें विद्यार्थियों ने शोध-आधारित तथ्यों और रचनात्मकता के माध्यम से संदेशों को प्रभावी रूप से संप्रेषित किया। समारोह के दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स पर विजय केवल चिकित्सा उपायों से नहीं बल्कि समाज की सोच में बदलाव, व्यापक परीक्षण और संवेदनशीलता से सम्भव है। डॉ. अशोक ने जोर देकर कहा कि समय पर परीक्षण और सकारात्मक व्यवहार ही इस महामारी के फैलाव को रोकने का सबसे बड़ा हथियार हैं। उन विचारों और कृत्यों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए जो प्रभावित लोगों को सामाजिक बहिष्कार से बचाकर समर्थन और उपचार तक पहुँचाएं। उनके शब्दों ने कार्यक्रम को चिकित्सकीय दृष्टि और मानवीय संवेदना का दोहरा संदेश दिया। निदेशक हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में संस्थान के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि एचजेडबीआरोग्यम संस्थान शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जागरूकता को प्राथमिकता देता है और विश्व एड्स दिवस जैसे अवसर इसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण हैं। साथ ही श्री अजमेरा ने कहा कि हम केवल स्वास्थ्यकर्मी तैयार नहीं कर रहे हम समाज के संवेदनशील रक्षक भी तैयार कर रहे हैं। हमारे छात्र-छात्राओं की यह प्रस्तुति बताती है कि नया वर्ग केवल तकनीकी ज्ञान से परिपूर्ण नहीं, बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण से भी सुसज्जित है। निदेशक ने आगे आश्वासन दिया कि संस्थान भविष्य में और अधिक सामुदायिक अभियानों, मुफ्त परीक्षण शिविरों तथा संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

## विश्व एड्स दिवस पर एनएसयू छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी (एनएसयू) के छात्रों ने शहर में एचआईवी- एड्स को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील होने का संदेश दिया। रैली की शुरुआत साकची गोलचक्कर से की गई, जो मार्केट क्षेत्र, बस स्टैंड और मुख्य सड़कों से होते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी, एनएसएस यूनिट के सदस्य तथा फैकल्टी भी शामिल रहे। प्रतिभागियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था। एचआईवी से लड़ें, मरीज से नहीं, जागरूक रहें, सुरक्षित रहें और एड्स को रोकना है, समाज को जागरूक बनाना है। छात्रों की ओर से लगाए जा रहे नारों ने राहगीरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रैली के बाद साकची बाजार में छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है और कैसे नहीं–इस विषय को सरल भाषा में समझाया गया। छात्रों ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने, साथ बैठने या एक ही बर्तन से खाना खाने से एचआईवी नहीं फैलता। नाटक में सुरक्षित संबंध, स्वच्छता, नियमित जांच और संक्रमित लोगों के प्रति भेदभाव न करने पर विशेष बल दिया गया। दर्शकों ने छात्रों की इस प्रेरक प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ की ओर से किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि युवा पीढ़ी जागरूक समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इसी उद्देश्य से हर वर्ष विश्व एड्स दिवस पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## प्लास्टिक जांच पर बवाल, विरोध के बीच निगम टीम लौटी खाली हाथ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू करने के प्रयास में मानगो नगर निगम की टीम को सोमवार को आजादनगर थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड पुरुलिया रोड की गरीब कॉलोनी में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। दुकानों में प्लास्टिक उपयोग की जांच के दौरान स्थानीय दुकानदार और लोग अचानक आक्रोशित हो गए, जिसके चलते टीम को कार्रवाई बीच में ही रोककर वापस लौटना पड़ा। घटना के दौरान जैसे ही निगम कर्मियों ने दुकानों में प्लास्टिक बरामदगी की तैयारी शुरू की, दुकानदारों में हड़कंप मच गया। लोग नारेबाजी करते हुए कार्रवाई का विरोध करने लगे और मौके पर तनाव का माहौल बन गया। स्थिति को संभालने के लिए बाद में पुलिस बल भी तैनात करना पड़ा। दुकानदारों का आरोप था कि प्लास्टिक प्रतिबंध पर न तो उन्हें कोई पूर्व सूचना दी गई।

## मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में जमशेदपुर पूर्वी को विकसित करने का प्रयास : पूर्णिमा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** अधिसूचित क्षेत्र समिति के साकची स्थित सभागार में सोमवार को विकास योजनाओं को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को अक्षेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, सभी अभियंता और पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, भाजपा के सातों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की अध्यक्ष मौजूद थीं। बैठक में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्या और विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक ने स्पष्ट किया कि उनका प्रयास जमशेदपुर पूर्वी को आदर्श एवं मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और समयबद्ध कार्य अनिवार्य है। इस दौरान जनता के मौलिक अधिकार और दैनिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए गली-नाली की नियमित सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट, हाई-मास्ट लाइट एवं सोलर लाइटों की समुचित व्यवस्था, मच्छरों से बचाव के लिए निरंतर फॉगिंग, डोर-टू-डोर कचरा उठाव सहित अनुपयोगी सार्वजनिक शौचालयों को हटाने जैसे मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा हुई। वहीं, उपयोग में आ रहे शौचालयों में पानी और रौशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों ने क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं पर आधारित ज्ञापन भी अक्षेस के पदाधिकारियों को सौंपा। इसके साथ ही, नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की गुणवत्ता, समय सीमा और कार्य निष्पादन की निगरानी को कड़ाई से लागू करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में सभी मंडल के अध्यक्षों और महामंत्रियों के संपर्क नंबर अक्षेस के अधिकारियों के साथ साझा किया गया, ताकि किसी भी जनसमस्या की सूचना तुरंत विभाग तक पहुंचे और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। बैठक में निर्देश दिया गया कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, बबलू गोप, जीवन साहू, अरुण मिश्रा, दिलीप कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गुमला में 88 वाहनों से वसूला गया 1.35 लाख का जुर्माना



**गुमला।** जिले में सड़क सुरक्षा दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की के नेतृत्व में यह अभियान रायडीह थाना क्षेत्र के पतराटोली में संचालित हुआ। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलाने एवं ट्रिपल राइडिंग जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। वाहन से संबंधित अनिवार्य कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, रोड टैक्स एवं पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल प्रमाणपत्र के अभाव में पकड़े गए वाहनों पर भी तुरंत कार्रवाई की गई। मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग और सड़क सुरक्षा के लिए खतरनाक प्रेशर हॉर्न एवं मल्टी-टोन हॉर्न का उपयोग करने के मामलों पर भी सख्ती बरती गई। जांच अभियान में 88 उल्लंघनकर्ताओं पर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। उनसे ?1,35,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान नियम तोड़ने वालों को कड़े शब्दों में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

### ऑक्सब्रिज आर.पी. विद्यालय डुमरडीह पर प्राथमिकी दर्ज




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने ऑक्सब्रिज आर.पी. विद्यालय, डुमरडीह के एक छात्र के वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की घटना को संज्ञान में लिया। विद्यालय में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरांत 24 नवंबर 2025 को जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 8 तक 353 बच्चे अध्ययनरत हैं। अभिभावकों से मासिक शुल्क के रूप में नर्सरी से यूकेजी तक ?550, कक्षा 1 से 4 तक 600 तथा कक्षा 5 से 8 तक ?650 वसूला जा रहा था, किंतु शुल्क संबंधी कोई रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई, जो वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। विद्यालय द्वारा प्रस्तुत ट्रस्ट संबंधी दस्तावेजों में विद्यालय के संचालन का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिला। ना ही विद्यालय के पास किसी प्रकार का आय-व्यय अभिलेख उपलब्ध पाया गया। यह भी पाया गया कि आरटीई एक्ट के तहत किसी प्रकार की वैध मान्यता विद्यालय के पास नहीं है। झारखंड सरकार की गजट अधिसूचना के तहत निजी विद्यालयों को आरटीई मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसमें पर्याप्त भूमि सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं, परंतु विद्यालय इस मापदंड को भी पूरा करने में असमर्थ पाया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों एवं शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे शिक्षण संस्थानों का चयन करते समय उनकी मान्यता एवं वैधानिक स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### उपायुक्त ने एयरपोर्ट का निरीक्षण कर हाई मास्ट लाइट लगाने का दिया निर्देश

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार शाम बोकारो एयरपोर्ट का निरीक्षण कर एयरपोर्ट परिसर की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एयरपोर्ट परिसर में हाई मास्ट लाइट की खरीदारी करने और इसे जल्द लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा और संचालन दोनों के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एयरपोर्ट परिसर के अंदर और आसपास की झाड़ियों की समयबद्ध साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र की स्वच्छता, हरियाली और सुरक्षा मानकों को उच्च स्तर पर बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# विश्व एड्स दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा और सदर अस्पताल चाईबासा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल परिसर स्थित नर्सिंग कॉलेज में विधिक जागरूकता सह साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसका संचालन प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में और प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव ने कहा कि विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआईवी/एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि आज भी गलत धारणाएं, सामाजिक कलंक और डर कई मरीजों के जीवन को प्रभावित करते हैं, जबकि समय पर जांच, दवाइयों और देखभाल से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि एड्स कोई अपराध या शर्म का विषय नहीं, बल्कि संवेदना और चिकित्सा से संभाली जाने वाली स्थिति है। कार्यक्रम के तहत एड्स जागरूकता के लिए एक प्रभात फेरी भी निकाली गई। सदर अस्पताल की ओर से उप सिविल सर्जन डॉ शिवचरण हांसदा ने भी लोगों को संबोधित किया। शिविर को सफल बनाने में अधिकार मित्र एजाज हुसैन और डीएलएसए के सहायक मो. नदीम की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के दौरान राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने एड्स दिवस से जुड़े संदेशों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट चित्रांकन करने वाली छात्राओं को सचिव रवि चौधरी और डॉ शिवचरण हांसदा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और कई शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# शहीद बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर शहीद बिरसा मुंडा 150वीं जयंती वर्ष आयोजन समिति की ओर से सोमवार को हो समाज महासभा हॉल, चाईबासा में भव्य सांस्कृतिक समारोह और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भरपूर उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक ऊर्जा दिखी। समिति पिछले एक वर्ष से पश्चिमी सिंहभूम के विभिन्न प्रखंडों में सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित करती आ रही है। इसका उद्देश्य छात्रों को अपनी समृद्ध आदिवासी परंपरा और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में शहर के अलग-अलग स्कूलों के छात्रों ने भाषण, गीत, नृत्य, क्विज और चित्रांकन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिले और कोल्हान प्रमंडल के कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, बुद्धिजीवी और आम नागरिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। समिति के जिला संयोजक अधिवक्ता रमेश जेराई ने बताया कि आयोजन पूरी तरह सफल रहा और समिति अपने उद्देश्य में कामयाब रही। वहीं समिति की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र उनके स्कूलों के माध्यम से जल्द ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सह-संयोजक सगुन हांसदा ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जिला वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

### आधार से उम्र सत्यापन

**इंटरनेट** आज जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है–ज्ञान, मनोरंजन, रोजगार और अभिव्यक्ति, सबका आधार यही है। लेकिन इसी डिजिटल विस्तार में एक चिंता लगातार सिर उठाती रही हैः बच्चों और किशोरों की उस सामग्री तक आसान पहुंच, जो उनके मानसिक विकास के लिए नुकसानदेह है। अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो, बिना नियंत्रण के उपलब्ध सोशल मीडिया सामग्री और अनियंत्रित ओटीटी स्पेस–ये सब मिलकर नई पीढ़ी की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ऐसे माहौल में सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण पहल की ओर संकेत किया है। अदालत ने सुझाव दिया है कि वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार नंबर के माध्यम से उम्र की पुष्टि पर विचार किया जाना चाहिए। साथ ही, इस पूरे क्षेत्र को नियंत्रित करने के लिए एक स्वतंत्र नियामक संस्था बनाने की जरूरत भी महसूस की गई है। यह अदालत की उस चिंता का प्रतिबिंब है, जिसमें अनियंत्रित डिजिटल सामग्री को समाज और खासकर नाबालिगों के लिए खतरा माना गया है। दुनिया के कई देशों ने नाबालिगों पर सोशल मीडिया की पहुंच सीमित करने के नियम लागू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया से लेकर डेनमार्क तक, उम्र सत्यापन अब डिजिटल सुरक्षा का अहम हिस्सा बन चुका है। भारत में भी इसी दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यह कड़वा सच है कि आज इंटरनेट चलाने वाला कोई भी किशोर या बच्चा आसानी से ऐसी वेबसाइटों और प्लेटफॉर्म्स तक पहुँच सकता है, जिनकी सामग्री वयस्कों के लिए भी असहज है। परंतु इस चर्चा का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आधार नंबर सिर्फ पहचान पत्र नहीं, बल्कि नागरिक की संवेदनशील जानकारी का संग्रह है। सरकार द्वारा भी कई बार यह सलाह दी गई है कि आधार को हर प्लेटफॉर्म पर साझा करना सुरक्षित नहीं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यदि सोशल मीडिया कंपनियां उम्र सत्यापन के नाम पर आधार की मांग करेंगी, तो क्या यह जनता की निजता को जोखिम में नहीं डालेगा? क्या डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा? और क्या यह निगरानी और नियंत्रण की ओर नए दरवाजे नहीं खोलेगा?

## श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की बौखलाहट

**ललित गर्ग**





पाकिस्तान की भारत-निंदा की आदत कोई नई नहीं है; यह उसकी कूटनीति एवं संकीर्ण सोच का स्थायी चरित्र बन चुकी है। ऐसा शायद ही कोई अवसर हो जब भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती साख और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रभावी दृश्य उभरे और पाकिस्तान उसमें संकुचित मानसिकता से भरी त्रासद टिप्पणियां न करे, विरोध का वातावरण न बनाए या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनर्गल आरोपों का पुलिंदा न खोले। हाल ही में अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर उसकी बौखलाहट इसी मानसिक दिवालियापन का ताजा उदाहरण है। भारतीयता के स्वाभाविक सद्भाव में सेंध लगाने का कोई अवसर पाकिस्तान हाथ से नहीं जाने देता। यह केवल एक धार्मिक समारोह नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता-स्मृति और सांस्कृतिक स्वाभिमान का वह क्षण था जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। पाकिस्तान ने इस ऐतिहासिक घटना का विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे संयुक्त राष्ट्र तक ले जाकर शिकायत की, जैसे उसे भारत के हर आंतरिक मामले में बाधा डालना ही अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारी समझ में आता हो। इससे पहले भी उसने राम मंदिर निर्माण के अवसर पर अनर्गल विरोध दर्ज कराया था। यह उसका वह ढर्रा है जो भारत के सांस्कृतिक उत्थान एवं उन्नयन की किसी भी झलक को देखकर सहन नहीं कर पाता।

पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी। दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड? जारी रहा है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है। विडंबना यह है कि जो देश स्वयं अपने ही नागरिकों को सुरक्षित रखने में असमर्थ है, जो अपने ही अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता रहा है, वह भारत में मुसलमानों के अधिकारों की चिन्ता में रातभर जागने का अभिनय कर रहा है। वह देश, जहां हिंदुओं की आबादी 1947 से लेकर आज तक लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है, जहां सिखों पर अत्याचार के अनगिनत उदाहरण मौजूद हैं, जहां ईसाइयों की प्रार्थना सभाओं को अक्सर हिंसा का निशाना बनाया जाता है, वह भारत में अल्पसंख्यक अधिकारों पर प्रवचन देने का नैतिक अधिकार कैसे प्राप्त कर सकता है? पाकिस्तान की विश्वसनीयता इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी हर शिकायत एक राजनीतिक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं रह जाती।

> *पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी। दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड? जारी रहा है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है।*

पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र-चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेजी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेजी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति-प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत-विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पाकिस्तान की ओर से जो बुकलेट्सइ और शिकायतें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश की जाती हैं, वे वस्तुतः उसकी असफल विदेश नीति का प्रमाण-पत्र हैं। एक ऐसा देश, जो आज आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद की जड़ों में स्वयं फंसा हुआ है, वह भारत के आंतरिक धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक संकट बनाने का हास्यास्पद प्रयास करता है। उसका यह व्यवहार न केवल हस्तक्षेपकारी है, बल्कि उकसाने वाला भी है। भारत इन सब निराधार आरोपों को न केवल तथ्यात्मक रूप से खारिज करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड? पर हर मंच पर सटीक जवाब देने की तैयारी भी रखता है। भारत की नीति स्पष्ट है, वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देता, परंतु अपने आंतरिक मामलों पर किसी की दखलंदाजी भी स्वीकार नहीं करता। भारत की आंतरिक नीतियाँ संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से संचालित होती हैं। यहां का अल्पसंख्यक समुदाय किसी भी अन्य समुदाय की तरह समान अधिकारों का उपभोग करता है। भारत की भूमि पर हर धर्म, पंथ और विचारधारा को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विविधता और समभाव वाला देश है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च केवल स्थापत्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के बहुरंगी फूल हैं। पाकिस्तान की एकरंगी धार्मिक नीति और कट्टरपंथी दबदबा इसे समझ नहीं पाता, इसलिए वह भारत के धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति जताकर अपनी ही सीमित सोच को उजागर करता है।

भारत ने हर चुनौती, हर आरोप और हर उत्तेजक बयान का शांतिपूर्ण और तथ्याधारित उत्तर दिया है। यह संयम उसकी शक्ति भी है और संस्कृति भी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत किसी उकसाने वाले कदम को नजरअंदाज करेगा। समय-समय पर भारत ने यह दिखाया है कि वह केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामरिक, कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर भी पर्याप्त सक्षम है। पाकिस्तान यह भलीभांति जानता है कि भारत अब इक्कीसवीं सदी का भारत है-आत्मनिर्भर, जागृत, संगठित और विश्व-मान्य शक्ति। अयोध्या में राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा से जुड़े सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गूंज है। इसे कोई अंतरराष्ट्रीय मंच कमतर नहीं कर सकता। पाकिस्तान चाहे कितनी भी शिकायतें कर ले, कितने भी बयान जारी कर दे, या कितनी भी झूठी कहानियां गढ़ ले, भारत की सांस्कृतिक चेतना का उभार अविराम है और यह आगे भी नए आयाम स्थापित करता रहेगा।सच यह है कि पाकिस्तान की यह बौखलाहट उसकी पराजित मानसिकता का परिचायक है। भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती प्रतिष्ठा और उभरती सांस्कृतिक पहचान उसके लिए सबसे बड़ा संकट है। लेकिन भारत का रास्ता स्पष्ट है-वह आगे बढ़ेगा, अपनी सभ्यता को सशक्त करेगा, अपनी संस्कृति को विश्व-पटल पर स्थापित करेगा और किसी भी अनर्गल हस्तक्षेप का दृढ़ता से सामना करेगा। पाकिस्तान चाहे कितने ही मोर्चों पर खतरा बने, भारत हर मोर्चे पर उत्तर देने में सक्षम है-साहस से भी, और संस्कार से भी।

**– लेखक के व्यक्तिग विचार हैं।**

## एशिया की तीसरी प्रमुख सैन्य शक्ति बना भारत

**कमलेश पांडे**



एपीआई के अनुसार, भारत की आर्थिक क्षमता, फ्यूचर रिसोर्सेज और राजनयिक प्रभाव में खासा सुधार हुआ है। भारत की सैन्य क्षमता में भी निरंतर सुधार के चलते उसकी क्षेत्रीय और ग्लोबल भूमिका मजबूत हुई है। वहीं, पाकिस्तान इस सूची में 16वें स्थान पर है और टॉप 10 में नहीं है। एशियाई पावर इंडेक्स लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किया जाता है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 27 देशों को देखता है और उनकी शक्ति संरचना का आकलन करता है। यह इंडेक्स सिर्फ सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है बल्कि कुल प्रभाव क्षमता को मापता है, जिसमें अर्थव्यवस्था, कूटनीति, रक्षा नेटवर्क, संस्कृति आदि शामिल हैं। लोवी इंस्टीट्यूट एशिया पावर इंडेक्स 2025 को मापने के लिए आठ मुख्य मापदंडों का उपयोग किया जाता हैः सैन्य क्षमता, आर्थिक क्षमता, रक्षा नेटवर्क, कूटनीतिक प्रभाव, सांस्कृतिक प्रभाव, पुनःस्थापन क्षमता (रेजिलिएंस), भविष्य के संसाधन और अंतरराष्ट्रीय संबंध। कुल मिलाकर इसमें 30 उप-माप और 131 संकेतक शामिल हैं, जो किसी देश की व्यापक प्रभाव क्षमता का आंकलन करते हैं। यह इंडेक्स केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह देशों की असली ताकत को उनके क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव, पड़ोसी देशों के साथ उनके रिश्ते, तकनीकी और व्यापारिक शक्तियों, और उनके भविष्य के विकास की संभावनाओं के हिसाब से मापता है।

इस इंडेक्स के अंतर्गत हर देश को 100 अंकों के पैमाने पर स्कोर दिया जाता है, जो यह दशार्ता है कि वे एशिया में कितना प्रभावशाली हैं। लोवी इंस्टीट्यूट इस सूचकांक को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 27 देशों पर लागू करता है और यह वार्षिक रिपोर्ट के रूप में प्रकाशित होता है। इस इंडेक्स के परिणाम से देशों के भू-राजनीतिक और आर्थिक स्थिति में बदलाव और उनकी क्षेत्रीय भूमिका का पता चलता है।

एशियन पॉवर इंडेक्स (एपीआई) के आठ माप निम्नलिखित हैं : पहला, सैन्य क्षमता- इसमें देश की सैन्य ताकत, हथियार, सैन्य कर्मियों और रक्षा बजट को मापा जाता है। दूसरा, आर्थिक क्षमता- देश की आर्थिक स्थिति, जीडीपी, मुद्रा रिजर्व, और अन्य आर्थिक संसाधनों का आकलन। तीसरा, रक्षा नेटवर्क- क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों और सहयोग को मापा जाता है। चतुर्थ, कूटनीतिक प्रभाव- अन्य देशों के साथ राजनयिक संबंध, द्विपक्षीय समझौते और वैश्विक मंच पर देश की भूमिका।पंचम, सांस्कृतिक प्रभाव- देश की संस्कृति, भाषा, मीडिया प्रसारण और अन्य सांस्कृतिक माध्यमों के प्रभाव को दिखाता है। षष्टम, पुनःस्थापन क्षमता- प्राकृतिक आपदाओं, आर्थिक संकटों आदि का सामना करने की देश की सामर्थ्य। सप्तम, भविष्य के संसाधन- शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान-प्रौद्योगिकी विकास और युवा आबादी की संभावना। अष्टम, अंतरराष्ट्रीय संबंध- देश की विदेश नीति, व्यापार साझेदार और वैश्विक संगठनों में उसकी भागीदारी।

वस्तुत : ये आठ माप 30 उप-मापों और 131 संकेतकों के जरिए विस्तृत रूप से मूल्यांकन किए जाते हैं, जिससे किसी देश की समग्र शक्ति का आंकलन होता है। पूरे इंडेक्स का स्कोर 100 अंकों के पैमाने पर दिया जाता है, जिससे यह पता चलता है कि कोई देश एशिया में कितना प्रभावशाली है। एशियन पावर इंडेक्स के उपर्युक्त आठ मापों का भारत के कुल स्कोर पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। भारत की सैन्य क्षमता, आर्थिक क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, और भविष्य के संसाधन जैसे माप उसकी पूरी ताकत को बढ़ाते हैं, जिससे भारत को बेहतर कुल स्कोर मिलता है। उदाहरण के लिए, भारत की आर्थिक प्रगति और कूटनीतिक नेटवर्क में सुधार से इसकी रैंकिंग में मजबूती आई है। वहीं, पुनःस्थापन क्षमता और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे माप भी भारत के क्षेत्रीय प्रभाव और वैश्विक छवि को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, कुछ चुनौतियां जैसे प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने की क्षमता और संसाधनों का प्रभावी उपयोग भारत के स्कोर को सीमित भी कर सकता है। कुल मिलाकर, ये आठ माप मिलकर भारत की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय भूमिका का आंकलन करते हैं, जो इस इंडेक्स में भारत के तीसरे स्थान पर आने का कारण हैं। इसलिए भारत की कुल रैंकिंग इन सभी क्षेत्रों में उसके प्रदर्शन का समग्र प्रतिबिंब होती है। भारत ने एशियन पावर इंडेक्स के आठ मापों में सबसे अधिक सुधार आर्थिक क्षमता के क्षेत्र में किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में वैश्विक औसत के मुकाबले लगभग 90 की वृद्धि दर्ज की है, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में सबसे उल्लेखनीय प्रगति है। यह सुधार भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), निवेश, विनिर्माण, और सेवा क्षेत्र में तेज विकास की वजह से हुआ है। इस तेजी से बढ़ती आर्थिक ताकत ने भारत को एशिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैन्य क्षमता और कूटनीतिक प्रभाव में भी भारत ने सकारात्मक सुधार दिखाया है, लेकिन आर्थिक प्रगति सबसे प्रमुख योगदानकर्ता रही है। वहीं, कुछ क्षेत्रों जैसे प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की पुनःस्थापन क्षमता में अभी भी सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। कुल मिलाकर, आर्थिक मापों में भारत का मजबूत प्रदर्शन उसकी समग्र शक्ति और एशिया में प्रभाव बढ़ाने में सबसे बड़ा कारण है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**2 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | वृश्चिक में |
| बुध | तुला में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| धनु | 07.33 बजे से |
| मकर | 09.38 बजे से |
| कुंभ | 11.24 बजे से |
| मीन | 12.57 बजे से |
| मेष | 14.28 बजे से |
| वृष | 16.08 बजे से |
| मिथुन | 18.06 बजे से |
| कर्क | 20.19 बजे से |
| सिंह | 22.35 बजे से |
| कन्या | 00.47 बजे से |
| तुला | 02.58 बजे से |
| वृश्चिक | 05.13 ब.से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 336 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 15.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 20.52 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 21.08 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 15.58 बजे तदनन्तर कौलव 02.15 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 57'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872546
**जूलियन दिन** 2461011.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत, मत्स्य द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8694




**बाएँ से दाएँ**

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

**शब्द पहेली -8693 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7631** ★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7630 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

# कानूनी पचड़े में पड़ी रणवीर सिंह की फिल्म ‘धुरंधर’



रिलीज से पहले फिल्म ‘धुरंधर’ कानूनी पचड़े में पड़ गई है। मेजर मोहित शर्मा के परिवार वालों ने इस पर रोक की मांग की है। रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म ‘धुरंधर’ की काफी चर्चा है। दर्शक बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले यह फिल्म कानूनी पचड़े में पड़ती नजर आ रही है। स्वर्गीय मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने फिल्म ‘धुरंधर’ की रिलीज की रोक के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। उनका आरोप है कि मेजर मोहित शर्मा के परिवार की बिना इजाजत के यह फिल्म बनाई गई।

### याचिका में क्या है?

अपनी याचिका में, परिवार ने आरोप लगाया है कि फिल्म इंडियन आर्मी या मेजर शर्मा के कानूनी वारिसों से इजाजत लिए बिना बनाई गई। याचिका में कहा गया कि फिल्म में अशोक चक्र और मेडल विजेता मोहित शर्मा की जिंदगी, सीक्रेट ऑपरेशन और शहादत से सीधे जुड़ी हुई लगती है। उनका कहना है कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मेकर्स ने ‘धुरंधर’ को मेजर शर्मा की कहानी से जोड़ा है, लेकिन फिल्म बनाने वालों ने ना तो इसे माना है और न ही कभी परिवार से सलाह ली है।

### बिना इजाजत के नहीं बन सकती फिल्म

याचिका में कहा गया है कि शहीद कोई फायदे की चीज नहीं है। यह भी कहा गया कि किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वारिसों से इजाजत लिए बिना सैनिक की जिंदगी पर फिल्म बनाए। परिवार का कहना है कि बिना इजाजत के सैनिक की जिंदगी को दिखाना, संविधान के आर्टिकल 21 के तहत पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है।

सिद्धांत चतुर्वेदी के लिए प्यार ‘एक एहसास’, कहा -

# ‘लव स्टोरी’ तो बस एक शब्द है...

**अभिनेता** सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म ‘दो दीवाने शहर में’ में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। शुक्रवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया पर दिल छूने वाला पोस्ट किया। शुक्रवार को सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर एक छोटा-सा वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह अकेले पहाड़ की चोटी पर बैठे हैं, चारों तरफ बादल और हवा का शोर है। इस वीडियो के साथ उन्होंने प्यार और लव स्टोरी को लेकर गहरी बातें लिखीं, जो हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रही हैं। अभिनेता ने वीडियो पोस्ट करने के साथ ही लिखा, ‘लव स्टोरी, तो बस एक शब्द है, जिसे हम तब इस्तेमाल करते हैं, जब हमें कुछ भी समझ में नहीं आता है कि उस रिश्ते को क्या नाम दें। बात सीधी सी है कि सच्चे प्यार को किसी कहानी की जरूरत नहीं है और कहानी में प्यार नहीं होता है। उन्होंने आगे लिखा कि लव स्टोरी में शुरुआत, बीच और अंत तक बातें ही होती हैं। उन्होंने लिखा, ‘प्यार तो बस एक एहसास है, जो किसी भी परिभाषा से बड़ा हो जाता है या फिर एक याद, जिसे हम कहानी का रूप देते हैं ताकि बीती हुई चीजों को समझ सकें। फिल्म ‘दो दीवाने शहर में’ की बात करें तो इसका निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है और प्रोड्यूस संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। फिल्म 29 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। अभिनेता की हालिया रिलीज फिल्म ‘धड़क-2’ थी। शाजिया इकबाल द्वारा निर्देशित फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया था।

## उत्तराखंड में अभिनेता श्रेयस तलपड़े-आलोक नाथ पर FIR

उत्तराखंड में पिछले सालों से चर्चा में रहे LUCC घोटाले में अब बड़ा मोड़ आया है। सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 46 लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें बॉलीवुड



अभिनेता श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ भी शामिल हैं, जो इस ठगी करने वाली कंपनी के ब्रांड एंबेसडर थे। LUCC यानी लोनी अर्बन मल्टी क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने उत्तराखंड में 2019 से संचालन शुरू किया था। कंपनी ने कम समय में अधिक मुनाफे का लालच दिखाकर लोगों से करोड़ों रुपए जमा करवाए। इसके लिए 35 से अधिक शाखाएं खोली गई थीं और कई एजेंटों को काम पर लगाया गया था। कंपनी ने निवेशकों से विदेश में सोना, तेल, रिफाइनरी समेत अन्य क्षेत्रों में निवेश का दावा कर मोटा लाभ देने का वादा किया। लेकिन अचानक कार्यालय बंद हो गए और निवेशकों के पैसे अटक गए। इससे परेशान होकर लोग पुलिस के पास पहुंचे, जिससे मामला हाईकोर्ट तक गया और सीबीआई जांच का आदेश हुआ।

## अनन्या पांडे के साथ जयपुर में लॉन्च किया ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ का टाइटल ट्रैक




**कार्तिक** आर्यन ने अपनी आगामी फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी’ में अपनी लीडिंग लेडी अनन्या पांडे के साथ फिल्म का धमाकेदार टाइटल ट्रैक जयपुर में लॉन्च किया, जहां उनका बेमिसाल स्वैग, उनकी ज़बरदस्त बॉडी, आकर्षक टैटूज़ और हैवी हुक स्टेप्स वाले फुटवर्क ने माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। फिलहाल फैंस पहले ही इस गाने को लेकर दीवाने हो चुके हैं क्योंकि गाने की सबसे बड़ी खूबी है कार्तिक और अनन्या की खूबसूरती से भरपूर, मॉडर्न और यूथफुल केमिस्ट्री। इसके अलावा कार्तिक का चुलबुला अंदाज़, सिंक्रोनाइज़्ड डांस, फ्लर्टिंग और एनर्जी उनकी ऑन-स्क्रीन बॉन्डिंग को बेहद ऑर्गेनिक और रियल बनाते हैं। टाइटल ट्रैक में उनकी कैमिस्ट्री उनकी अब तक की सबसे दिलचस्प जोड़ियों में से एक है, जो कम्फर्ट और स्पार्क का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। इस गीत में रेमो डिसूज़ा की हाई-वोल्टेज कोरियोग्राफी के साथ उनके सिग्नेचर स्टाइल ने इस गाने को और भी धमाकेदार बना दिया है। शार्प फुटवर्क के साथ फ्लुइड स्लाइड्स, क्राउड-फ्रेंडली हुक स्टेप्स और रिदम-बेस्ड पैटर्न्स कार्तिक की ज़बरदस्त स्क्रीन प्रेज़ेंस और उनके बेस्ट डांस मूव्स को खूबसूरती से उभारते हैं। अगर ये कहें तो गलत नहीं होगा कि कार्तिक और अनन्या की इंटरैक्टिव, प्लेफुल पार्टनर कोरियोग्राफी इस ट्रैक की खास यूएसपी है। गौरतलब है कि कार्तिक आर्यन के लिए जयपुर हमेशा भावनाओं और यादों से जुड़ा शहर रहा है, या यूँ कहें कि जयपुर हमेशा से उनके दिल के सबसे करीब रहा है और इसकी वजह है उनकी सुपरहिट फिल्मों का जयपुर से कनेक्शन।

गौरतलब है कि कार्तिक की सुपरहिट फिल्म ‘भूल भुलैया 2’ की शूटिंग जयपुर में हुई थी, फिर ‘भूल भुलैया 3’ का भव्य ट्रेलर लॉन्च जयपुर के राज मंदिर में हुआ था. यहीं उन्हें पहला बेस्ट एक्टर के लिए आइफा अवॉर्ड मिला था। अब जब उनकी आगामी फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी’ का टाइटल ट्रैक का भी इसी शहर में लॉन्च हुआ है, तो यह उनके फिल्मी यात्रा के एक और अहम पड़ाव में शामिल हो गए हैं।

यही वजह है कि इस शहर के साथ आज का दिन भी उनके लिए काफी भावनात्मक हो गया है। हालांकि कार्तिक आर्यन के फ़िल्मी सफर के अलावा फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ में भी जयपुर की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि क्रोएशिया के अलावा, फिल्म का एक बड़ा हिस्सा जयपुर और नवलगढ़ में शूट किया गया है।



एली अवराम ने बतायी ‘हुमा डोल’ के पीछे अपने सपनों की कहानी, बोलीं-

## ‘प्रिंसेस की तरह कर रही थी महसूस’

**बॉलीवुड** और इंटरनेशनल म्यूजिक के फैंस के लिए ‘हुमा डोल’ एक यादगार म्यूजिक वीडियो बन गया है। यह गाना न सिर्फ अपने खूबसूरत संगीत के लिए चर्चा में है, बल्कि इसके पीछे की कहानी भी किसी सपने की तरह है। अभिनेत्री एली अवराम ने इंटरव्यू में अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे यह प्रोजेक्ट उनके लिए दो बड़े सपनों को सच करने जैसा रहा। एली अवराम ने कहा कि उन्होंने हमेशा चाहा था कि वह मोरक्को के सुपरस्टार गायक साद लमजार्रेड के साथ किसी म्यूजिक वीडियो में काम करें। उनके लिए यह मौका लंबे समय से एक सपना बनकर रहा था। उन्होंने कहा, ‘’जब मैंने साद लमजार्रेड का एक सुपरहिट अरबी गाना सुना था, तब से ही मन में यही इच्छा थी कि एक दिन उनके साथ काम करेंगी। यह सपना आखिरकार ‘हुमा डोल’ के जरिए सच हो गया।’’ गाने को एक साल पूरा होने पर जब उनसे यादों के बारे में पूछा गया, तो एली ने कहा कि उनके दिमाग में सेट की एनर्जी और उत्साह समेत कई यादें ताजा हो गई।

उन्होंने कहा, ‘मेरे इस अनुभव ने दो सपनों को पूरा किया। पहला सपना तो साद लमजार्रेड के साथ काम करने का था और दूसरा सपना था कि मैं किसी पुराने जमाने की कहानी में एक प्रिंसेस जैसा लुक अपनाकर अभिनय करूं। ‘हुमा डोल’ ने मेरे इन दोनों सपनों को पूरा किया। मैं शूटिंग के दौरान सच में खुद को एक प्रिंसेस की तरह महसूस कर रही थी। बात करते हुए एली ने कहा, ‘’जब म्यूजिक वीडियो की टीम ने मुझे कास्ट करने के लिए संपर्क किया, तब एहसास हुआ कि बड़े सपने देखने से कभी डरना नहीं चाहिए। अगर आप अपने सपनों को लेकर गंभीर रहते हैं और उन्हें महसूस करने की इच्छा रखते हैं, तो एक दिन वह सच हो सकते हैं। मेरे इस अनुभव ने साबित कर दिखाया कि सपने सच में पूरे हो सकते हैं। ’हुमा डोल’ गाने को लेकर एली ने बताया कि म्यूजिक वीडियो शूट करना उनके लिए किसी फिल्म बनाने से कम नहीं लगता, क्योंकि इसमें सिर्फ अभिनय ही नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस और इमोशन भी देना पड़ता है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी उन्हें ऐसे ही शानदार और जादुई म्यूजिक वीडियो करने का मौका मिलेगा।

### ओपनिंग डे पर छाई ‘तेरे इश्क में’

### ● ‘गुस्ताख इश्क’ ने की धीमी शुरुआत; जानें ‘जूटोपिया 2’ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन



शुक्रवार को सिनेमाघरों में बॉलीवुड फिल्मों के साथ हॉलीवुड फिल्म ने भी दस्तक दी है। आइए जानते हैं इन फिल्मों का ओपनिंग डे कलेक्शन कैसा रहा? शुक्रवार को सिनेमाघरों में ‘तेरे इश्क में’, ‘गुस्ताख इश्क’ और ‘जूटोपिया 2’ जैसी फिल्में रिलीज हुईं। ओपनिंग पर कुछ फिल्मों ने अच्छा किया तो कुछ फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। आइए जानते हैं इन फिल्मों के अलावा दूसरी फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?

धनुष और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म ‘तेरे इश्क में’ का दर्शकों को काफी इंतजार था। अब यह इंतजार खत्म हुआ। 28 नवंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसने 16.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 85 करोड़ रुपये है। इस लिहाज से इसकी पहले दिन की कमाई काफी अच्छी है।

अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

## अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने बॉयफ्रेंड संग की शादी





बंगाली एक्ट्रेस तनुश्री ने अपने बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

### अमेरिका में छुट्टियां बिता रही थीं एक्ट्रेस

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं।



### दोनों की पहली मुलाकात के बाद प्यार

दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं।

केबीसी पर कीकू शारदा ने बिग बी से पूछा सवाल -

## अमिताभ की शाहरुख से है लड़ाई




केबीसी के नए एपिसोड में क्विज से ज्यादा कॉमेडी होने वाली है। क्योंकि शो में दो कॉमेडियन कीकू शारदा और सुदेश लहरी आएंगे। हालांकि, इस दौरान कीकू शारदा ने शाहरुख और बिग बी में कंपटीशन को लेकर सवाल कर दिया।

अमिताभ बच्चन की होस्टिंग वाले ‘कौन बनेगा करोड़पति’ के 17वें सीजन में कई एपिसोड में अलग-अलग सेलेब्स नजर आए हैं। अब शो के नए एपिसोड में एक्टर-कॉमेडियन कीकू शारदा और सुदेश लहरी मेहमान के रूप में नजर आए। दोनों ने इस दौरान बिग बी के साथ मिलकर काफी मस्ती भी की। शो के टेलीकास्ट होने से पहले प्रोमो सामने आए हैं, जिनमें दोनों कॉमेडियन बिग बी के साथ मजे करते दिख रहे हैं।

### कीकू शारदा ने लिए मजे

शो के लेटेस्ट प्रोमो में कीकू शारदा फैंस के पसंदीदा किरदार बच्चा यादव के रूप में नजर आते हैं। वह अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के बीच एक नकली प्रतिद्वंद्विता की जांच करने का फैसला करते हैं। कीकू सीधे कहते हैं, ‘सर, मैंने सुना है कि शाहरुख खान के साथ आपकी बनती नहीं है। आपने तो उन्हें ‘कभी खुशी कभी गम’ में घर से बाहर भी निकाल दिया था। ‘मोहब्बतें’ में गुरुकुल से और यहां तक कि फिल्म ‘पीकू’ से भी निकाल दिया गया था।’ इस पर अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हुए कहते हैं कि लेकिन शाहरुख तो ‘पीकू’ में थे ही नहीं। तब कीकू पंचलाइन मारते हुए कहते हैं कि सर, अगर आपने उन्हें निकाल दिया है, तो वो फिल्म में कैसे होंगे?

### सुदेश लहरी ने की बिग बी से अपनी तुलना

शो में सुदेश लहरी ने भी मस्ती की। उन्होंने बताया कि कैसे वह अमिताभ बच्चन से प्रेरित हैं और उनकी कुछ आदतों को अपनाने की कोशिश करते हैं। सुदेश लहरी ने कहा कि जैसे बिग बी हर रविवार को अपनी गैलरी में खड़े होकर प्रशंसकों को हाथ हिलाते हैं, वैसे ही वह भी ऐसा ही करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि असल में वहां कोई भी हाथ हिलाने वाला नहीं होता। एक और प्रोमो क्लिप में सुदेश लहरी एक फनी परफॉर्मेंस देते हैं। वो दिखाते हैं कि एक गजल गायक पंजाबी भीड़ के सामने परफॉर्म करते हुए किस तरह का व्यवहार करता है।

## बिहार विधानमंडल सत्र : शीतकालीन सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई गई शपथ

**प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने दिलाई शपथ**

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में आज से शीतकालीन सत्र की शुरूआत हो गई है। पहले दिन सदन में नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने दिलाई। सोमवार की सुबह सत्र शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर की उपस्थिति में शपथ की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी ने शपथ लेकर सदन में अपने कार्यकाल की औपचारिक शुरूआत की। शपथ ग्रहण के दौरान सदन में माहौल पूरी तरह अनुशासित पर राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम रहा। सत्ता पक्ष के नेता जहां एक-एक कर उपमुख्यमंत्रियों को बधाई देते नजर आए, वहीं विपक्ष के नेता भी इस प्रक्रिया में पीछे नहीं रहे। यह दृश्य पिछले कई वर्षों में



कम ही देखने को मिला है, जब सत्ता और विपक्ष एक ही मंच पर इतनी सहजता और सम्मान के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते दिखे। सबसे अधिक चर्चा में रहा वह क्षण, जब उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से गले मिलकर बधाई स्वीकार की। सदन में मौजूद विधायक और मीडिया के कैमरे इस पल को कैद करने में व्यस्त हुए। यह दृश्य बिहार की राजनीति में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जहां तीखी बयानबाजी के बीच भी आपसी सम्मान की परंपरा जिंदा है। दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी तेजस्वी यादव से हाथ मिलाकर शुभकामनाएं स्वीकार कीं। दोनों नेताओं के बीच यह औपचारिक अभिवादन भी सदन में चर्चा का विषय बना रहा। शपथ ग्रहण के बाद दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं प्राप्त कीं। इसी दौरान कई वरिष्ठ नेताओं ने भी दोनों को शासन संचालन और आगामी सत्र की चुनौतियों को लेकर सुझाव और शुभकामनाएं दीं। राघोपुर से एक बार फिर विधायक चुने जाने के बाद तेजस्वी यादव ने भी विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। बिहार विधानसभा की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र आज था। सुबह 11 बजे से शुरू हुई कार्यवाही में सबसे पहले सभी 243 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई। मधेपुरा के आलमगंज से आठवीं बार विधायक चुने गए वरिष्ठ जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सबसे पहले उन्हें शपथ दिलाई, उसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने सभी नए विधायकों को संविधान की शपथ दिलाई। इससे पहले विधानसभा में सचिव ने राज्यपाल के आदेश को पढ़ा। उसके बाद शपथ ग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई।

## सांसद के प्रयास से 13.34 करोड़ की राशि से बनेगा रेलवे अंडरपास

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर शहर के भीखनपुर गुमटी संख्या-1 और 2 पर लंबे समय से लंबित अंडरपास निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। सांसद अजय कुमार मंडल के लगातार प्रयास और रेलवे अधिकारियों के साथ उनकी पहल के बाद मालदा डिवीजन ने इन स्थानों पर अंडरपास के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके लिए 13.34 करोड़ रुपये की नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि, रेलवे के अनुसार गुमटी संख्या-1 पर पहले 2.52.5 मीटर



का पैदल अंडरपास बनाया जा रहा था। लेकिन सांसद मंडल द्वारा उठाए गए मुद्दे और 12 नवंबर को हुए संयुक्त निरीक्षण के बाद इसका आकार बढ़ाकर 64.2 मीटर कर दिया गया है। वहीं गुमटी संख्या-2 पर 43.5 मीटर का जल एच एस डायवर्जन रोड बनाया जाएगा। रेलवे ने इसकी जानकारी देते हुए पत्र जारी किया है। उसमें कहा गया है कि यह इलाका मूल रूप से अनधिकृत रास्ता था, परंतु जनसुविधा और आवागमन की समस्या को समझते हुए सांसद के आग्रह पर इसे आरडीएसओ मानकों के अनुरूप पुनः डिजाइन किया गया है। सांसद अजय मंडल ने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा को लेकर यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है और जल्द ही इसका निर्माण शुरू होगा।

### संक्षिप्त

#### हर्ष फायरिंग में एक की मौत

**डेहरी ओनसोन।** रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र के थनुआ ग्राम में एक शादी समारोह मे हर्ष फायरिंग के दौरान बीते रात एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसाए मृतक नंदन कुमार सिंह 25 वर्ष बक्सर जिला के ईटाढी थाना क्षेत्र के ईटाढी गांव निवासी स्व विजय बहादुर सिंह के पुत्र थे। इस मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सासाराम एक के एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि घटना रविवार की रात्रि एक बजे घटी है। सूचना मिलने के बाद शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच इस मामले में शामिल तीन लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रहे है। एसपी रौशन कुमार एवं सदर डीएसपी एक दिलीप कुमार भी घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली है। वही एक पिस्टल भी पुलिस ने बरामद किया है।

#### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**भागलपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को एआरटी सेंटर भागलपुर की ओर से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर अभिलेश कुमार और वरीय चिकित्सक डॉक्टर हेमशंकर शर्मा मौजूद रहे। दोनों विशेषज्ञों ने एड्स से बचाव जागरूकता और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना और इसके संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेडिकल स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## बीपार्ड और आईआरएफसी मिलकर बिहार के युवाओं को रोजगार-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण देंगे

एजेंसी

**पटना।** बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बीपार्ड) और भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण साझेदारी की शुरूआत की। पुराना सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत आईआरएफसी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से 10 करोड़ रुपये प्रदान करेगा। इस सहयोग का उद्देश्य बिहार के वंचित वर्ग के युवाओं को रोजगार-उन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस पहल के अंतर्गत युवाओं को सैप ईआरपी, सीसीएनए नेटवर्किंग जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोर्सों के साथ-साथ विदेशी भाषा एवं संचार कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। बीपार्ड स्किल पार्क ने अपनी स्थापना छह



उद्योग-आधारित कोर्सों के साथ की थी। जिसमें एसएपी सर्टिफिकेशन, सीसीएनए नेटवर्किंग, जेरियाट्रिक केयरगिवर, फैशन डिजाइन, कमीस (शेफ), और बेकिंग टेक्नीशियन। 14 अप्रैल 2025 को इन कार्यक्रमों की शुरूआत के बाद से ही स्किल पार्क ने उल्लेखनीय प्रगति की है। बीते 01 मई को स्किल पार्क के अकादमिक भवन का उद्घाटन हुआ तथा इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय स्किल मीट का आयोजन किया गया, जिसमें निति आयोग के सीईओ बी वी आर सुब्रह्मण्यम सहित देशभर के उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से भी संवाद किया। अब तक 585 उम्मीदवार नामांकित हुए हैं, जिनमें से 515 ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और 98 युवाओं को रोजगार मिल चुका है। बिहार का यह प्रथम और अत्याधुनिक बीपार्ड स्किल पार्क टेक्नोलॉजी-सक्षम क्लासरूम, लाइसेंस प्राप्त एसएपी सर्वर, विशेष प्रयोगशालाएं, विदेशी भाषा प्रशिक्षण जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। बीपार्ड सभी प्रशिक्षुओं को आवास, भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण किट निःशुल्क उपलब्ध कराता है। साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षु के लिए वैश्विक सर्टिफिकेशन, एआई एवं डेटा एनालिटिक्स मॉड्यूल, तथा कम-से-कम तीन रोजगार अवसर सुनिश्चित करने की व्यवस्था है। आईआरएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह साझेदारी बिहार में भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो राज्य की 2047 तक वैश्विक प्रतिस्पर्धी टैलेंट पूल बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बीपार्ड के महानिदेशक डॉ बी राजेन्दर ने आईआरएफसी के सीएसआर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस समर्थन से प्रशिक्षण सुविधाएँ और सुदृढ़ होंगी, प्लेसमेंट में वृद्धि होगी, तथा अधिक से अधिक युवाओं को स्किल पार्क से जोड़ना संभव होगा।वाल्मी कैंपस, पटना स्थित बीपार्ड स्किल पार्क राज्य का प्रमुख कौशल विकास केंद्र है। यहां आधुनिक प्रयोगशालाएं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक और उद्योग-उन्मुख कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं जवाबदेह प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## आपरेटर की मनमानी से पानी की आपूर्ति छह माह से बंद




**भागलपुर।** जिले के सन्हौला प्रखंड स्थित सिलहन खजुरिया पंचायत में विकास के सरकारी दावे फेल नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल का जल योजना बेलडीहा गांव के वार्ड नंबर 11 में पिछले छह महीनों से पूरी तरह ठप पड़ा है। पानी सप्लाई बंद होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में हर महीने 100झ्150 रुपये निजी बोरिंग वाले को देने पड़ रहे हैं, तभी उन्हें पानी मिल पाता है। बेलडीहा गांव की महिला दुखनी खातून, अफसाना खातून, छोटी देवी, राधा देवी ने बताया कि टंकी से पानी सप्लाई बंद होने से 50 से 60 घरों में पानी की भारी किल्लत है, पानी सप्लाई करने वाले आपरेटर पर महिलाओं ने आरोप लगाया कि आपरेटर अपनी मनमानी करता है। जब उसको पानी की जरूरत होती है तो वह। मोटर चला कर अपना काम कर लेते हैं लेकिन हमलोगों के इधर पानी सप्लाई नहीं करता है। जब बोलते हैं कि हमलोगों के इधर पानी सप्लाई क्यों नहीं कर रहे तो कहता है कि मोटर खराब है। जनप्रतिनिधि से लेकर विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर जब से नाले की निर्माण हुआ तभी से नाले की साफ-सफाई सफाई भी नहीं किया गया है। जिससे नाले में जहां-तहां कचरा और गाद जम गई है। जिसके कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है। कीचड़ और गंदगी से लोगों का आवागमन प्रभावित है और बच्चे अक्सर फिसल कर गिर जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि और संबंधित विभाग समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन हैं। पीएचईडी विभाग के जेई से जब फोन पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि आपरेटर का नंबर लेकर बात करते हैं।

## बिहार विधानमंडल सत्र के पहले दिन मैथिली ठाकुर सहित अन्य विधायकों ने ली मैथिली भाषा में शपथ

**पटना।** बिहार विधानमंडल के 18 वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सुबह 11 बजे से शुरू हुई कार्यवाही में सबसे पहले सभी 243 नवनिर्वाचित विधायक शपथ दिलाई गई, जिसमें से 06 विधायक किसी कारणवश शपथ नहीं ले सकें। मधेपुरा के आलमगंज से आठवीं बार विधायक चुने गए वरिष्ठ जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव ने सभी निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। मंत्री अरुण शंकर, पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा, बिस्फी से जीते आरिफ अनवर, मैथिली ठाकुर सहित मिथिलांचल से जीते अधिकांश विधायकों ने मैथिली भाषा में शपथ ली। एआईएमआईएम के विधायकों उर्दू में शपथ ली। रत्नेश सदा ने संस्कृत में शपथ ली। वहीं लोजपा-आर के विष्णुदेव पासवान ने अंग्रेजी में शपथ ली। सम्राट चौधरी के बाद विभिन्न मंत्रियों ने ली शपथ सम्राट चौधरी ने सबसे पहले विधानसभा की सदस्यता शपथ ली। सम्राट चौधरी के बाद विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने सदन में एक दूसरे को हाथ जोड़कर प्रणाम किया।


## गया जी में दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरी बाइक

**गया जी।** जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के वजीरगंज-फतेहपुर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित डाक बाबा मंदिर के पास की है। मृतक की पहचान फतेहपुर के सोहजाना गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल का नाम सतीश कुमार है। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात कमलेश सतीश के साथ उसके ससुराल जा रहा था, तभी डाक बाबा मंदिर के पास अचानक सामने से आ रही फोर व्हीलर की लाइट से चकमा खाकर बाइक अनियंत्रित हो गई और करीब 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। इस कमलेश की मौत हो गई, जबकि सतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी और मृतक दोनों रातभर ठंड में खेत मे पड़े रहे। सुबह लोगों की नजर पड़ी तो घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल ईधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सोनवर्षा विधायक रत्नेश सादा ने संस्कृत भाषा में शपथ लेकर कायम की अद्भुत मिसाल

एजेंसी

**सहरसा।** महिषी की विद्वत परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए सोनवर्षा विधानसभा से लगातार तीसरी बार विजय हुए रत्नेश सादा ने बिहार विधानसभा में संस्कृत में शपथ लेकर एक अद्भुत मिशाल कायम की है। विदित हो कि मूलतः महिषी प्रखंड की मूल निवासी रत्नेश सादा महिषी स्थित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय से संबंध श्री उग्रतारा भारती मंडन संस्कृत



महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। महिषी की पहचान विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा में एक अलग स्थान रखता है जहां। जहां आदि शंकराचार्य मंडन मिश्र और उनकी धर्मपत्नी भारती से शास्त्रार्थ करने महिषी आए थे। मंडन मिश्र के आवास पर शास्त्र में निपुण तोता भी संस्कृत का वाचन करते थे। वही देश विदेश से छात्र संस्कृत अध्ययन के लिए आते थे। आज उसी परम्परा को जीवन्त करते हुए रत्नेश सादा ने संस्कृत में बिहार विधान सभा में प्रमाणित किया है। उनके द्वारा संस्कृत में शपथ लेने पर अनेकों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## आपदा प्रबंधन विभाग में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**पटना।** आपदा प्रबंधन विभाग में सोमवार को सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश के आलोक में विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संयुक्त सचिव के द्वारा आनुग्रहिक राशि, आपदा सम्पूर्ति पोर्टल, बिहार आधार ऑथेंटिकेशन फ्रेमवर्क, पीएम केयर फंड, सीएम रिलीफ फंड, अंकेक्षण, उच्च न्यायालय में लंबित मामलों, राज्य आपदा मोचन बल, राज्य एवं जिला आपातकालीन संचालन केंद्र,



रिस्क मिटिगेशन रोडमैप, रोडमैप, आईडीआरएन पोर्टल तथा एनडीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा की गई तथा उनके शीघ्र निष्पादन हेतु महत्त्वपूर्ण निदेश दिए गए। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

## सरकारी स्कूल की रसोइया ने प्रिंसिपल पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पीड़िता को काम का बहाना बनाकर उसे अपने घर बुलाया**

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

एजेंसी

**दरभंगा।** दरभंगा जिले के जाले थाना क्षेत्र से सरकारी स्कूल में कार्यरत एक रसोइया द्वारा प्रिंसिपल पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने 28 नवंबर को प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




पीड़िता के अनुसार, प्रिंसिपल लंबे समय से उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहा था, जिसका वह लगातार विरोध करती रही। लेकिन 18 नवंबर को आरोपी ने स्कूल के काम का बहाना बनाकर उसे अपने घर बुलाया। वहां पहुंचते ही प्रिंसिपल ने घर का गेट बंद कर दिया, उसका मुंह बांध दिया और जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी से इस बारे में बात की तो उसके पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। भय के कारण पीड़िता कई दिनों तक चुप रही। 27 नवंबर को प्रिंसिपल ने उसे एक होटल में आने के लिए कहा, लेकिन उसने इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने खुद ही घटना की जानकारी पीड़िता के पति को दे दी, जो दिल्ली में काम करते हैं। पति से पूरी बात जानकर पीड़िता मानसिक रूप से टूट गई और अगले दिन थाने जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। जाले थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में है।

## तीन दिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव और विज्ञान मेला का समापन

एजेंसी

**कटिहार।** कटिहार जिले में तीन दिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव-2025-26 एवं विज्ञान मेला का आज समापन हो गया। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल संस्थान के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को उनकी सांस्कृतिक, साहित्यिक, कलात्मक एवं वैज्ञानिक प्रतिभा प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करना तथा राष्ट्रीय एकता, शांति और विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत 28 नवंबर से हुई थी, जिसमें पॉलिटेकनिक कॉलेज कटिहार, आई.टी.आई. कटिहार, नवोदय विद्यालय




कटिहार सहित विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए। सोमवार के समापन समारोह में सभी सातों विधाओं (विज्ञान प्रदर्शनी, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, वक्तृत्व, लोकगीत एवं लोकनृत्य) के विजेता प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन सभी चयनित विजेताओं को अब राज्यस्तरीय युवा उत्सव-2025-26 में कटिहार जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा जाएगा।

## सारण पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी शिकारी राय घायल

एजेंसी

**पटना।** सारण पुलिस और कुख्यात अपराधी नंदकिशोर राय उर्फ सिपाही राय के बीच सोमवार सुबह-सुबह मुठभेड़ हुई है। बिसुनपुरा के पास हुए इस मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी शिकारी राय घायल हो गया है। उसे पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस मुठभेड़ में एसआई शशि कुमार भी जख्मी हुए हैं। उनके बाएं कंधे पर चोट लगी है, जो खतरे से बाहर हैं। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि



नंदकिशोर राय उर्फ शिकारी राय पर पूर्व में कई आपराधिक कांड दर्ज हैं। रविवार को पुलिस लाइन के पास एक आपराधिक घटना हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई थी। उस कांड के अनुसंधान में सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर शिकारी राय की संलिप्तता का पता चला। शिकारी राय की तलाश शुरू की गई, जिसके बाद उसका लोकेशन अख्तियारपुर नहर के पास मिला। एसएसपी ने बताया कि उससे कड़ी पूछताछ में हथियार बिसनपुर बगीचा में होने की बात कही गई। हथियार निकालते ही उसने फायरिंग कर दी। इस क्रम में पुलिस ने आत्मरक्षा में जबाबी फायरिंग की, जिसमें गोली उनके बाएं पैर में लगी है।

# श्रीलंका में चक्रवात दित्वा से बड़ी तबाही, 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित

एजेंसी



**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दित्वा से बड़ी तबाही हुई है। 10 लाख अधिक लोग प्रभावित हुए है। आधिकारिक तौर पर अब तक 334 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। देश हाल के वर्षों में अपनी सबसे बुरी कुदरती आफतों में से एक से जूझ रहा है। खराब मौसम के कारण पूरा द्वीप बाढ़ से घिर गया है। भूस्खलन ने आवागमन के साधनों को लील लिया है। सीलोन टुडे की रिपोर्ट के अनुसार 30 नवंबर की शाम छह बजे आपदा प्रबंधन केंद्र ने जानकारी दी कि दित्वा से अब तक 309,607 परिवारों के 1,118,929 लोग प्रभावित हुए हैं। देशभर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 334 हो गई है, जबकि 370 लोग अभी भी लापता हैं। दित्वा ने कैंडी जिले में सबसे ज्यादा कहर बरपाया है। अकेले इस जिले में 88 लोगों की जान गई है और 150 लोग लापता हैं। बादुला में 71 मौतें और 53 लोग लापता, नुवारा एलिया में 68 मौतें और 64 लापता और कुरुनेगला में 37 मौतें और 35 लापता बताए गए हैं। करीब 55,747 परिवारों के 196,790 लोग देश भर के 1,494 सुरक्षित केंद्रों में आश्रय लिए हुए हैं। बडुल्ला, गम्पाहा और कोलंबो में सबसे अधिक लोग बेघर हुए हैं। पुट्टलम जिले में बचाव कार्य में लगा श्रीलंका एयर फोर्स का बेल 212 हेलीकॉप्टर लुनुविला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए। कुरुनेगला के मालिसिरिपुरा डिवीजन में हुए भूस्खलन के मलबे में 200 लोगों के दबे होने की आशंका है। कुरुनेगला में सेना ने 164 लोगों को बचाया है। कोलंबो से रेस्क्यू टीम को वेलम्पिटिया और कोहिलावट्टा भेजा गया है। यहां बाढ़ में 20 लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि आवागमन के सारे संसाधन जमींदोज हो चुके हैं। अधिकांश जलाशयों में क्षमता से अधिक पानी भर गया है। इसलिए उनके गेट खोल दिए गए हैं। प्रभावित इलाकों में सेना को स्थिति संभालने को भेजा गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने आगाह किया है कि चक्रवात दित्वा अब तट से लगभग 210 किलोमीटर दूर उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

# भ्रष्टाचार के एक और मामले में शेख हसीना को पांच, बहन रेहाना को सात जेल की सजा

**हसीना की भतीजी ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप को इसी मामले में दो साल जेल की सजा**

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने आज पूर्वांचल न्यू टाउन परियोजना राजुक के भूखंडों के आवंटन से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी को दो साल जेल, अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को पांच साल जेल और उनकी बहन शेख रेहाना को सात साल जेल की सजा सुनाई। ट्यूलिप अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना की भतीजी हैं। ढाका के विशेष न्यायाधीश कोर्ट-चार के न्यायाधीश मोहम्मद रबीउल आलम ने पूर्वाह्न 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच फैसला सुनाया। प्रोथोम अलो अखबार की वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार जेल की सजा के अलावा ट्यूलिप सिद्दीकी पर 1,00,000 टका का जुमार्ना और भुगतान न करने पर छह महीने अतिरिक्त की कैद की सजा सुनाई गई। फैसले में शेख रेहाना पर भी 1,00,000 टका का जुमार्ना लगाया गया। मामले के बाकी 14 आरोपितों को पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने इन सभी के लिए 13 जनवरी को मामला दर्ज किया था। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार 78 वर्षीय हसीना तख्तापलट के बाद से भारत में हैं। अदालत ने शेख हसीना, उनकी बहन रेहना और ट्यूलिप की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया। जिन अन्य लोगों को सजा सुनाई गई उनमें पूर्व मंत्री और अधिकारी शामिल हैं। वो इस प्रकार हैं-शरीफ अहमद, काजा वाशी उद्दीन, मोहम्मद ओलीउल्लाह, सैफुल इस्लाम सरकार, पूरबी गोल्डर, अनीसुर रहमान मिया, मोहम्मद खुर्शीद आलम, तन्मय दास, मोहम्मद नासिर उद्दीन, शमसुद्दीन अहमद चौधरी, नूरुल इस्लाम, नायब अली शरीफ, मजहरुल इस्लाम और मोहम्मद सलाहुद्दीन हैं।

## संक्षिप्त

### चक्रवाती तूफान दित्वा का नेपाल पर आंशिक प्रभाव

**काठमांडू।** दक्षिणझ्रपश्चिम बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवात दित्वा का आंशिक असर नेपाल में देखा जाने लगा है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात के प्रभाव के कारण देश के कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं और कहींझ्रकहीं धुंध की स्थिति दिखाई दे रही है। सोमवार सुबह कोशी, मधेश और बागमती प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं, जबकि अन्य प्रदेशों के अधिकांश हिस्सों में मौसम सामान्यतया साफ रहा। तराई के कुछ स्थानों में धुंध दर्ज की गई है। दोपहर के समय कोशी, मधेश, बागमती, गंडकी और लुम्बिनी प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। अन्य प्रदेशों में मौसम मुख्य रूप से साफ रहेगा। रात के समय भी कोशी, मधेश और बागमती प्रदेश में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि शेष क्षेत्रों में मौसम साफ रहने की बात कही गई है। महाशाखा ने बताया कि चक्रवात दित्वा का प्रभाव अस्थायी होगा और सामान्य बादल छाए रहने के अतिरिक्त किसी प्रकार के विशेष जोखिम की आशंका नहीं है।

### बीएल संतोष पहुंचे लखनऊ, बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी के साथ की मंत्रणा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष सोमवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरने के बाद पूर्व मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय और प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बीएल संतोष का स्वागत किया। इसके बाद बीएल संतोष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय कार्यालय भारती भवन पहुंचे। भारती भवन में उन्होंने संघ के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार व सह सरकार्यवाह अतुल लिमये के अलावा पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक से भेंट की। सरकार्यवाह के साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक बैठक में भी बीएल संतोष उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भी उपस्थित रहे।

# फुटवियर व्यवसाय के विस्तार से छात्र बनेंगे उद्यमी : राष्ट्रपति

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि वैश्विक बाजार में पैठ मजबूत करने के लिए फुटवियर व्यवसाय का विस्तार जरूरी है, जो सीधे छात्रों के लिए उद्यमिता और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुर्मु ने आज नई दिल्ली में फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान (एफडीडीआई) के दीक्षांत समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा, आज भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है तथा वैश्विक आर्थिक मंच पर अपनी आर्थिक भूमिका का और अधिक विस्तार करने में सक्षम है। राष्ट्रपति ने बताया कि देश फुटवियर उत्पादन और खपत के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, भारत का फुटवियर निर्यात 250 करोड़ डॉलर से थोड़ा अधिक था जबकि हमारा आयात लगभग 68 करोड़ डॉलर था। इस प्रकार भारत का फुटवियर निर्यात आयात से लगभग चार गुना है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में फुटवियर का एक प्रमुख निर्यातक है लेकिन निर्यात को और बढ़ाने के लिए फुटवियर कारोबार का विस्तार करने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने एफडीडीआई और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थम्प्टन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के तहत हमारे सहयोग के गहराने का एक और आयाम है। उन्होंने रेखांकित किया कि इस समझौता ज्ञापन में टिकाऊ सामग्री और चक्रीय अर्थव्यवस्था की पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया है, जो दोनों देशों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। राष्ट्रपति ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका काम केवल डिजाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के लिए बहुआयामी होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि वे अपने फुटवियर डिजाइन को स्वास्थ्य और आजीविका का माध्यम बनाएं, रोजगार सृजन करें, आर्थिक असमानता को दूर करने में सहायक बनें, भारतीय निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं और गुणवत्ता के बल पर वैश्विक बाजार में भारत का प्रतिनिधित्व करें। इस प्रकार वे 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में सीधे तौर पर भागीदार बनेंगे। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत फुटवियर क्षेत्र को 'चैंपियन सेक्टर' का दर्जा दिया है।

## खालिदा जिया की शारीरिक स्थिति में थोड़ा सुधार, सरकार ने कहा - तारिक जब चाहें लौट सकते हैं बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत पर दुआओं और दवाओं का कुछ असर होता दिख रहा है। उनकी शारीरिक स्थिति में रविवार को कुछ सुधार दिखा। वह एकाध बार अस्पताल के बिस्तर पर हिलती-डुलती नजर आईं। इस बीच अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने कहा कि लंदन में रह रहे खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान जब चाहें, तब बांग्लादेश लौट सकते हैं। प्रोथोम अलो अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 80 वर्षीय खालिदा जिया की शारीरिक स्थिति में थोड़ा सुधार हो रहा है। रविवार को वह अस्पताल के बिस्तर पर थोड़ा हिल-डुल पा रही थीं और बातचीत का जवाब भी दे पा रही थीं। डॉक्टर्स और बीएनपी नेताओं से जुड़े कई सूत्रों ने यह जानकारी दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में खालिदा जिया की शारीरिक स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। फिर भी वह अभी भी खतरे से बाहर नहीं हैं। स्थानीय और विदेशी डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि परिवार की चिंताओं के बावजूद खालिदा को विदेश ले जाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्हें लंबी उड़ान से शारीरिक तनाव और पर्यावरण परिवर्तन से बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। खालिदा अभी उस खतरे को उठाने की स्थिति में नहीं पहुंची हैं। फिलहाल, डॉक्टरों की प्राथमिकता देश में उच्चतम गुणवत्ता वाला इलाज सुनिश्चित करना है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, खालिदा जिया की सेहत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच, उनके जल्दी ठीक होने के लिए पूरे देश में दुआएं की जा रही हैं। उनका इलाज ढाका के एवरकेयर अस्पताल में चल रहा है। पार्टी नेताओं और उनके मेडिकल बोर्ड के सदस्यों ने रविवार रात यह जानकारी दी। मेडिकल बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि खालिदा जिया थोड़ी बेहतर हैं। खालिदा खाने के रूप में अपनी बहू के हाथ से परोसे गए तरल पदार्थ को ले रही हैं। डॉक्टर्स ने कहा कि अगर उनकी हालत में और सुधार होता है, तो उन्हें एडवांस इलाज के लिए सिंगापुर या लंदन ले जाया जा सकता है। इससे पहले रविवार दिन में पार्टी के वरिष्ठ संयुक्त सचिव रूहुल कबीर रिजवी ने कहा था कि बीएनपी चेयरपर्सन की सेहत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के विदेशी मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने रविवार को कहा कि बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान जब चाहें बांग्लादेश लौट सकते हैं। सरकार एक दिन के अंदर वन-टाइम ट्रैवल पास जारी कर सकती है। तौहीद ने कहा, अगर आज वह कहते हैं कि वह लौटना चाहते हैं, तो हम कल वन-टाइम ट्रैवल पास जारी कर सकते हैं। वह अगले दिन प्लेन में चढ़ सकते हैं। कोई प्रॉब्लम नहीं है। यह पूरी तरह से उन पर निर्भर है।

## नेपाल एयरलाइंस का क्रू सदस्य सोने की तस्करी के मामले में दोहा पुलिस की हिरासत में



**काठमांडू।** नेपाल एयरलाइंस के क्रू सदस्य संदेश तिवारी को सोने की तस्करी करने के आरोप में दोहा पुलिस ने हिरासत में लिया है। नेपाल एयरलाइंस ने सोमवार को एक बयान जारी कहा कि संदेश तिवारी को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। तिवारी के पास से आठ तोला सोना बरामद किया गया है। नेपाल एयरलाइंस की प्रवक्ता अर्चना खड़का ने बताया कि यह वाकया 29 नवंबर का है। उड़ान संख्या आरए 240 से को दोहा से काठमांडू आना था। दोहा एयरपोर्ट कस्टम की जांच में संदेश तिवारी के पास आठ तोला सोना मिला। इस वजह से विमान को करीब 35 मिनट तक रोकना पड़ा। नेपाल एयरलाइंस के दोहा स्टेशन मैनेजर कृष्ण बजगाई ने इसकी पुष्टि की है।

## काठमांडू में 74 करोड़ रुपये के क्रिप्टो करेंसी कारोबार में दो लोग गिरफ्तार

**काठमांडू।** पुलिस ने 74 करोड़ रुपये के क्रिप्टो करेंसी कारोबार में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इस एक हफ्ते में क्रिप्टो कारोबार में यह दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। पुलिस अधीक्षक पवन कुमार भट्टाराई के अनुसार मूल रूप से मोरंग के रहने वाले काठमांडू निवासी 36 वर्षीय विशाल डंगोल और काठमांडू के कलंकी में निवास कर रहे 45 वर्षीय उमेश श्रेष्ठ को गिरफ्तार किया गया है। विशेष सूचना के आधार पर काठमांडू जिला पुलिस परिसर की टीम ने सोमवार को बिजुलीबजार क्षेत्र से इन दोनों लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने क्रिप्टो लेनदेन में उपयोग किए गए पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। भट्टाराई ने बताया कि मामले की आगे जांच जारी है।

# पश्चिम बंगाल के नये लोकायुक्त बने सेवानिवृत्त न्यायाधीश रवीन्द्रनाथ सामंता

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को सेवानिवृत्त न्यायाधीश रवीन्द्रनाथ सामंता को राज्य का नया लोकायुक्त नियुक्त किया। यह फैसला राज्य सचिवालय नवान्न में हुई लोकायुक्त चयन समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की। समिति के सदस्य के रूप में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह बैठक में उपस्थित नहीं हुए। अधिकारियों ने बताया कि नियमों के अनुसार उनके कार्यालय को औपचारिक निमंत्रण भेजा गया था। फैसले के बाद राज्य सरकार ने कहा कि नये लोकायुक्त की नियुक्ति के साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# एसआईआर पर चर्चा नहीं कराना चाहती है सरकार : गौरव गोगोई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही को विपक्षी दलों के हंगामे के कारण पहले दो बार और फिर अगले दिन मंगलवार तक के लिए स्थगित करना पड़ा। इस पर लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर चर्चा नहीं कराना चाहती है। गोगोई ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसद के अंदर पक्ष और विपक्ष दोनों के मुद्दे उठने चाहिए लेकिन आज पहले दिन से ही सत्ता पक्ष सिर्फ अपने मुद्दों पर ही चर्चा चाहता है। सत्ता पक्ष के लोग सिर्फ अपने द्वारा लाए गए कानूनों पर चर्चा करना चाहते हैं। सभी विपक्षी दलों की एक ही मांग है कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर एक चर्चा हो, लेकिन सरकार नहीं बता पा रही है कि किस दिन यह चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी मर्जी से संसद चलाना चाहती है। जिसमें विपक्ष का कोई मुद्दा नहीं है।

# भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेशी ट्रॉलर पकड़ा, 15 मछुआरे गिरफ्तार

एजेंसी



**कोलकाता।** सोमवार सुबह बंगाल की खाड़ी में गश्त के दौरान भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेश के एक ट्रॉलर को भारतीय जलसीमा में घुसते हुए पकड़ लिया। ट्रॉलर में कुल 15 मछुआरे थे। पूछताछ के बाद सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, सुबह गश्त के दौरान तटरक्षक बल ने एक संदिग्ध ट्रॉलर को देखा। तटरक्षक बल की स्पीड बोट ने उसे पीछा कर रोका। पूछताछ में पता चला कि ट्रॉलर बांग्लादेश का है। इसके बाद 15 मछुआरों को हिरासत में लिया गया और ट्रॉलर सहित उन्हें दक्षिण 24 परगना के फ्रेजरगंज लाया गया। फ्रेजरगंज तटीय थाना पुलिस ने सभी मछुआरों को अवैध घुसपैठ के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए बांग्लादेशी ट्रॉलर का नाम एफबी अल्ला मालिक है। सुन्दरबन मछुआरा संघ के सचिव सतिनाथ पात्र ने बताया कि सर्दियों में भारतीय जलसीमा में एक खास तरह की मछली मिलती है जिसकी बांग्लादेश में काफी मांग है। इसी कारण बांग्लादेशी ट्रॉलर बार-बार भारतीय सीमा का उल्लंघन करते हैं। पिछले दिनों भी कई बार ऐसे ट्रॉलर पकड़े गए हैं। अब तटरक्षक बल विशेष निगरानी रख रहा है, जिसके चलते लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। नवंबर में भी कई बांग्लादेशी ट्रॉलर भारतीय पानी में घुस आए थे और अनेक मछुआरे पकड़े गए थे। इसके बाद से बंगाल की खाड़ी में निगरानी और बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अवैध घुसपैठ रोकी जा सके। इसके अलावा, इस साल की शुरूआत में पश्चिम बंगाल के काकद्वीप से निकले कुल 62 भारतीय मछुआरे गहरे समुद्र में हिल्सा की तलाश में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर बांग्लादेशी जलसीमा में चले गए थे।

**चक्रवात से तबाही के बाद कोलंबो में फंसे भारतीयों को लेकर वायु सेना का विमान पहुंचा तिरुवनंतपुरम**

# लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर वायु योद्धाओं का किया अभिवादन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वा' से हुई तबाही के बाद ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारत की ओर से वायु सेना और नौसेना श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर सहायता पहुंचा रही हैं। बाढ़ में फंसे भारतीयों समेत अन्य विदेशी नागरिकों को सुरक्षित निकालकर कोलंबो पहुंचाया गया है। कोलंबो के भंडारनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का आखिरी जत्था लेकर वायु सेना का विमान तिरुवनंतपुरम पहुंचा है। बचाए गए लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर वायु योद्धाओं का अभिवादन किया। कोलंबो के भंडारनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों के एक जत्थे को हाई कमिश्नर संझा ने तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना किया। विमान में चढ़ने से पूर्व यात्रियों ने 'भारत माता की जय' का उद्घोष किया। रविवार की रात 8 बजे तक 300 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को एयरलिफ्ट करके भारत वापस लाया गया। वायु सेना ने श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर लैंडस्लाइड से प्रभावित कोटमाले इलाके में बड़े रेस्क्यू और लोगों को निकालने के मिशन चलाए, जो सड़क पर रुकावट की वजह से पूरी तरह से अलग-थलग है। पूरे दिन वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने 45 फंसे हुए लोगों को निकालकर सुरक्षित कोलंबो पहुंचाया, जिनमें 6 गंभीर रूप से घायल लोग और 4 बच्चे शामिल थे। वायु सेना ने जमीन पर राहत काम को मजबूत करने के लिए रेस्क्यू और सफाई कार्यों में मदद के लिए 57 श्रीलंकाई सेना के जवानों को भी प्रभावित इलाके में पहुंचाया है। श्रीलंका के डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर के मुताबिक श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 370 लोग लापता हैं। साइक्लोन से हुई तबाही के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित ज़िला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। बडुल्ला में 71 मौतें, नुवारा एलिया में 68 मौतें और मटाले में 23 मौतों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं।

# बलोचिस्तान के नोक कुंडी में फ्रंटियर कॉर्प्स मुख्यालय पर बीएलएफ का हमला, संगठन की महिला सदस्य ने खुद को उड़ाया

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत के चगाई जिले में रविवार देरात नोक कुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) मुख्यालय दक्षिण पर बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने हमला कर राज्य और संघीय सरकार की नींद उड़ा दी। इस हमले में शामिल बीएलएफ की एक महिला सदस्य ने एफसी मुख्यालय के द्वार पर खुद को उड़ाकर अपने साथियों के प्रवेश करने का रास्ता साफ किया। एफसी ने तड़के कहा कि मुख्यालय में घुसे तीनों सशस्त्र हमलावरों को मार गिराया गया। वहीं, बीएलएफ ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों के हमले में एफसी के कई अधिकारी और कर्मचारी मारे गए हैं।


डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एफसी के प्रवक्ता के बयान के अनुसार एक हमलावर को खुद को उड़ा लेने के बाद सुरक्षाबलों ने कम से कम तीन हमलावरों को मार गिराया गया। एफसी मुख्यालय पर हमले की यह कोशिश प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने की। प्रवक्ता ने कहा कि यह आत्मघाती हमला है। प्रवक्ता ने कहा कि परिसर पर तलाशी अभियान चल रहा है। परिसर के भीतर अभी तीन हमलावरों के होने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नोक कुंडी में हुए हमले के आसपास पंजगुर जिले के गुरमाकन इलाके में एक चेक पोस्ट पर भी हमला होने की खबर है। नवंबर 2022 में टीटीपी के सरकार के साथ सीजफायर खत्म करने के बाद पाकिस्तान में खासकर बलूचिस्तान में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। शनिवार को भी बलोचिस्तान के क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में सात धमाके हुए। एक धमाके में प्रांतीय राजधानी के पास रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा उड़ गया और देश के दूसरे हिस्सों में रेल आवागमन रोक दिया गया।

## पैर में फ्रैक्चर से स्पेन की स्टार फुटबॉलर बोनमती नेशंस लीग फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** स्पेन की मिडफील्डर ऐताना बोनमती नेशंस लीग फाइनल के दूसरे चरण से बाहर हो गई हैं। रविवार को ट्रेनिंग के दौरान उनकी बाईं फिबुला (पैर की हड्डी) में फ्रैक्चर हो गया था। बोनमती ने शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ खेले गए महिला नेशंस लीग फाइनल के पहले चरण में हिस्सा लिया था, जो 0–0 की बराबरी पर खत्म हुआ था। इसके बाद टीम दूसरे चरण की तैयारी कर रही थी, जो 2 दिसंबर को एस्टाडियो मेट्रोपोलितानो में खेला जाना है। रॉयल स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार रविवार को मेडिकल जांच के बाद पाया गया कि ऐताना बोनमती की बाईं फिबुला में फ्रैक्चर है। खिलाड़ी अब बार्सिलोना लौटेंगी और वहीं से अपनी रिकवरी शुरू करेंगी। 27 वर्षीय बोनमती के लिए यह चोट ऐसे समय आई है जब उन्होंने बेहद शानदार साल बिताया है। वह तीन बार विमेन्स बैलन ड्ब्ओर जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं, बार्सिलोना को घरेलू ट्रेबल दिलाने में अहम भूमिका निभाई और स्पेन के साथ यूरो 2025 फाइनल तक पहुंचीं।

## दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो सकते हैं वुड, टंग या पॉट्स को मिल सकता है मौका



**ब्रिसबेन।** पहले ही एशेज सीरीज में 1–0 से पीछे चल रही इंग्लैंड क्रिकेट टीम की मुश्किलें बढ़ना तय है। इसका कारण है कि उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की चोट के कारण 4 दिसंबर से शुरू हो रहे इस मैच से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में उनकी जगह पर वुड के स्थान जोश टंग या मैथ्यू पॉट्स आ सकते हैं। वुड का पुराना घुटने का दर्द उभर गया है वुड ने अपने बाएं घुटने में दर्द की शिकायत की है। इस घुटने की उनकी सर्जरी भी हुई थी। जिसके कारण वह नौ महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे थे। पर्थ में पहले मैच में वह खेलने उतरे जरुर थे पर उनकी गेंदबाजी उम्मीद के अनुसार नहीं रही। इस तेज गेंदबाज ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में केवल 11 ओवर फेंके थे, जिसमें इंग्लैंड को दो दिन के अंदर ही करारी हार का सामना करना पड़ा था। वुड के घुटने की सर्जरी भी हुई थी। इसी कारण वह जिम्बाब्वे और भारत के खिलाफ इंग्लैंड की घरेलू सीरीज से भी बाहर रहे थे। घुटने के दर्द के कारण ही वुड इंग्लैंड के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए थे। इससे ये तय तय माना जा रहा है कि वह गुरुवार से गाबा में शुरू होने वाले डे–नाइट (गुलाबी गेंद) टेस्ट में नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह पर वुड के स्थान जोश टंग या मैथ्यू पॉट्स आ सकते हैं। टंग इस समय इंग्लैंड लायंस के साथ कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर एकादश के खिलाफ डे–नाइट मैच खेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यों वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया है, क्योंकि कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं और दूसरे मैच से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड टीम ब्रिस्बेन पहुंच गयी है। उसके तीन खिलाड़ी जैकब बेथेल, मैथ्यू पॉट्स और जोश टंग को ही प्रधानमंत्री एकादश से खेलने का अवसर मिला है।

# प्रीमियर लीग 2025-26 : 10 खिलाड़ियों वाली चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से रोका

### रोमांचक मुकाबले में लंदन डर्बी में अंक बांटे

एजेंसी

**लंदन।** दस खिलाड़ियों के साथ खेल रही चेल्सी ने रविवार को खेले गए बेहद उतार-चढ़ाव भरे लंदन डर्बी मुकाबले में प्रीमियर लीग की शीर्ष टीम आर्सेनल को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। मिकेल मेरिनो ने ट्रेवोह चालोबा के शुरूआती गोल का जवाब देकर आर्सेनल को हार से बचाया। इस परिणाम के साथ आर्सेनल 30 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर कायम है और दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से पांच अंक आगे है। वहीं, चेल्सी 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

**पहले ही 10 खिलाड़ी रह गई थी चेल्सी**

पहले हाफ में 38वें मिनट में मोइसेस कैइसेडो को वीएआर जांच के बाद मेरिनो पर खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड मिला, जिससे चेल्सी 10 खिलाड़ियों पर आ गई। इसके बावजूद चेल्सी ने दूसरे हाफ की शुरूआत में ही बढ़त बना ली। कप्तान रीस जेम्स की कॉर्नर किक



पर ट्रेवोह चालोबा ने तीसरे मिनट में शानदार हेडर के जरिए गोल कर टीम को 1-0 से आगे किया।

**मेरिनो ने दिलाई बराबरी**

59वें मिनट में बुकॉयो साका के क्रॉस पर मेरिनो ने बेहतरीन हेडर मारकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद आर्सेनल ने लगातार दबाव बनाया। सब्स्टीट्यूट मार्टिन ओडेगार्ड दो बार करीब से चूक गए, जबकि अंतिम क्षणों में मेरिनो के शक्तिशाली प्रयास को गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने शानदार बचाव करते हुए रोक दिया।

**खिलाड़ियों में तनातनी, 7 पीले कार्ड**

मैच की शुरूआत से ही जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। रेफरी एंथनी टेलर ने कुल सात पीले कार्ड दिखाए– छह आर्सेनल को और एक चेल्सी के मार्क कुकुरेला को, जो पूरे मैच में साका को रोकने में व्यस्त नजर आए।

**एक अंक पाकर निराशा, लेकिन टीम पर गर्व : रीस जेम्स**

चेल्सी कप्तान रीस जेम्स ने कहा, हम जल्दी ही 10 खिलाड़ी रह गए थे, जिससे मैच मुश्किल हो गया। फिर भी टीम ने दबाव झेला और शानदार काउंटर किए। दाहिनी ओर पेड्रो नेटो लगातार सक्रिय रहे, और 78वें मिनट में सब्स्टीट्यूट लियम डेलैप का बढ़िया शॉट डेविड राया ने रोक दिया। थोड़ा और बेहतर होते तो जीत सकते थे : मेरिनो मेरिनो ने कहा, चेल्सी की डिफेंस बेहद संगठित थी, लेकिन अगर हम और बेहतर होते तो ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते थे।

# 2027 वनडे विश्व कप खेलना है लक्ष्य : रोहित

### क्रिकेट खेलने की भूख अभी समाप्त नहीं हुई

एजेंसी

**रांची।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक बार फिर कहा है कि उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलना है। साथ ही कहा कि उम्र का खेल से कोई संबंध नहीं है। साथ ही कहा कि जब तक आप फिट हैं खेल सकते हैं। रोहित ने कहा कि उनकी क्रिकेट खेलने की भूख अभी समाप्त नहीं हुआ है। उनमें अब भी पहले वाला जुनून है। वह जिस प्रकार डेब्यू के समय खेलते थे अभी भी वैसे ही खेलते हैं ।38 साल के रोहित के बारे में अटकलें हैं कि उन्हें विश्व कप के लिए शायद ही जगह मिलेगी।

वहीं, रोहित के अनुसार वह विश्वकप खेलने के लिए तैयार हैं। एक वीडियो में रोहित ने कहा, जज्बा और इच्छा शक्ति हर बार रहती है। फिर चाहे आपकी उम्र 38 हो या 28, हर बार देश के लिए खेलना सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत होता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट टेस्ट और टी20 के बीच का होने के कारण सबसे संतुलित और कौशल-आधारित प्रारुप है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय टेस्ट और टी20, दोनों का मिश्रण है। इसमें सलामी बल्लेबाज को जिसे नई गेंद स्विंग गेंदों से खेलना पड़ता है, ऐसे में टेस्ट वाली मानसिकता से खेलना होता है कि जितना हो सके छोड़ो, शरीर के करीब खेलो। रोहित ने बताया कि उनका खेल के प्रति रवैया नहीं बदला है, वह हर मैच ऐसे खेलते हैं जैसे कि पहला मैच खेल रहे हों। जब मैंने 20 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था, तब जैसा ड्राइव था, वैसा ही आज भी है।वहीं भारतीय सहयोगी स्टाफ में शामिल मोनी मॉर्केल और कई पूर्व क्रिकेटरों का भी मानना है कि रोहित और विराट कोहली 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलेंगे। अब रोहित ने भी इसकी पुष्टि कर दी है।



### विराट को गावस्कर ने एक दिवसीय का महानतम बल्लेबाज बताया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें अब तक का सबसे महान एकदिवसीय क्रिकेटर करार दिया है। उन्होंने कहा कि विराट के 52 शतक बताते है कि वह एकदिवसीय प्रारुप में कितने बेहतरीन खिलाड़ी हैं। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में 135 रनों की पारी खेलने के साथ ही इस प्रारुप में सबसे अधिक शतक का रिकार्ड भी अपने नाम किया है।

### विराट, रोहित के भविष्य पर अभी बात करने की जरुरत नहीं : कोटक

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि बल्लेबाज रोहत शर्मा और विराट कोहली अभी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और इनके भविष्य के बारे में अभी बात करने की कोई जरुरत नहीं है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में 135 जबकि रोहित ने 57 रन बनाये थे। हाल के समय में इन दोनो के ही करियर और 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को लेकर आशंकाएं जाहिर की जाती रही हैं। माना जा रहा है कि ये दोनो ही विश्वकप के लिए टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। वहीं कोटक ने इसी को लेकर कहा, मुझे नहीं पता कि हमें इन सब चीजों पर ध्यान देने की जरूरत क्यों है। विराट वाकई शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके भविष्य को लेकर कोई बात करनी चाहिए। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह कमाल है। जिस तरह से वह प्रदर्शन कर रहे हैं, अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं, किसी भी चीज पर कोई सवाल नहीं उठता।

## चेन्नईयिन एफसी के नये कोच मिरांडा की होगी आने वाले समय में परीक्षा

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल 2026 में चेन्नईयिन एफसी के नये मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा की असली परीक्षा होगी। चेन्नईयिन को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की अन्य टीमों मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और डेम्पो एससी के साथ ही एक कठिन समूह में रखा गया है हालांकि जिन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा। इससे पहले कोच रहे कॉयल के समय जमशेदपुर एफसी ने शील्ड खिताब जीता था। अब क्लिफोर्ड मिरांडा क्लब को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे। एआईएफएफ सुपर कप में उनके पास अच्छा अवसर है। साल 2024-25 सत्र में कॉयल की कोचिंग में ही चेन्नईयिन एफसी 24 मैचों में केवल सात में ही जीत हासिल करने के साथ 11वें स्थान पर रही थी। गौरतलब है कि साल 2017-18 में चेन्नईयिन ने अंतिम बार आईएसएल कप फाइनल बेंगलुरु एफसी को हराकर जीता था। टीम ने पिछले पांच सत्र में केवल एक बार आईएसएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। एआईएफएफ सुपर कप में चेन्नईयिन का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने 2023 में अंतरिम मुख्य कोच के रूप में ओडिशा एफसी के साथ टूनामेंट में जीत दर्ज की थी। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसे वह अपने नए क्लब के साथ दोहराना चाहेंगे।

# डुप्लांटिस और मैक्लॉघलिन–लेवरोन बने वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर






एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वीडन के पोल वॉल्ट स्टार मोंडो डुप्लांटिस और अमेरिकी 400 मीटर विश्व चैंपियन सिडनी मैक्लॉघलिन-लेवरोन को रविवार को वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया। डुप्लांटिस ने सितंबर में टोक्यो में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने के साथ-साथ इवेंट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने एक वर्ष में अपने ही विश्व रिकॉर्ड को चार बार तोड़ा और पूरे सीजन में 16 प्रतियोगिताओं में अपराजित रहे। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना पांचवां लगातार डायमंड लीग खिताब भी जीता। डुप्लांटिस ने वर्ल्ड एथलेटिक्स के हवाले से कहा, मैं आगे भी खुद को बेहतर करने की कोशिश करता रहूंगा। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में मुझे वोट देने वालों को मैं इसी तरह परेशान करता रहूं। यह पुरस्कार मेरे लिए खास है और मैं इसे बेहद संजोकर रखूंगा। मैक्लॉघलिन-लेवरोन पिछले दो वर्षों से 400 मीटर और 400 मीटर हर्डल्स दोनों में अपराजित हैं। टोक्यो में उनका 47.78 सेकंड का समय 400 मीटर का इतिहास में दूसरा सबसे तेज प्रदर्शन था। 26 वर्षीय एथलीट पहली खिलाड़ी बनीं जिन्होंने 400 मीटर फ्लैट और 400 मीटर हर्डल्स दोनों में विश्व खिताब जीता। इसके अलावा, वे विश्व चैंपियनशिप में अमेरिकी 4७400 मीटर रिले टीम का हिस्सा भी रहीं, जिसने स्वर्ण पदक जीता। पुरस्कार मिलने पर मैक्लॉघलिन-लेवरोन ने कहा, यह सम्मान पाकर मैं वास्तव में अभिभूत हूं। विश्व एथलेटिक्स का बहुत धन्यवाद। टोक्यो में सीजन का अंत मेरे लिए बेहद खास रहा। 2025 मेरे लिए सीमाओं को तोड़ने और मानसिक व शारीरिक रूप से खुद को नए स्तर पर ले जाने का साल रहा।

# प्रीमियर लीग 2025-26: इसाक ने खत्म किया गोल का सूखा, लिवरपूल को दिलाई अहम जीत

एजेंसी

**लंदन।** लिवरपूल के रिकॉर्ड साइनिंग अलेक्जेंडर इसाक ने आखिरकार प्रीमियर लीग में अपना गोल खाता खोला और संघर्ष कर रही चैंपियन टीम को वेस्ट हैम यूनाइटेड के खिलाफ रविवार को 2-0 की बेहद जरूरी जीत दिलाई। लगातार खराब फॉर्म से जूझ रही लिवरपूल टीम पिछले 12 मैचों में 9 हार झेल चुकी थी। दबाव में घिरे मैनेजर अरने स्लॉट ने बड़ा फैसला लेते हुए पहली बार प्रीमियर लीग में मोहम्मद सालाह को शुरूआती एकादश से बाहर रखा। उनकी जगह उतरे फ्लोरियन विट्र्ज.ने अच्छी लय दिखाई, हालांकि पहले हाफ में एक आसान मौका गंवा बैठे, जिसे गोलकीपर अल्फोंस अरेओला ने बचा लिया। पहले हाफ में इसाक भी दो मौके चूक गए, पर दूसरे हाफ के 60वें मिनट में कोडी गाक्पो की शानदार पुल-बैक पास पर उन्होंने शांत दिमाग से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। वेस्ट हैम की उम्मीदों को बड़ा झटका तब लगा जब लुकास पाक्वेटा को महज 60 सेकंड के भीतर दो बार ड्ढ२शील्ल३ के लिए पीला कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। इंजरी टाइम में गाक्पो ने दूसरा गोल दागकर लिवरपूल की जीत पक्की की। इस जीत के साथ लिवरपूल 13 मैचों में 21 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि वेस्ट हैम 11 अंकों के साथ 17वें स्थान पर है। एस्टन विलाः कैमारा का शानदार गोल, वॉल्व्स पर 1-0 की जीत एस्टन विला ने रविवार को बोउबकर कैमारा के शानदार गोल की बदौलत वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स को 1-0 से हराकर अंकतालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। पहले हाफ में वॉल्व्स ने अधिक मौके बनाए और जोर्गेन स्ट्रैंड लार्सन का गोल ऑफसाइड करार दिया गया। वहीं, गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज की शानदार सेव से विला बचता रहा। दूसरे हाफ में विला ने रफ्तार पकड़ी और 67वें मिनट में कैमारा ने बॉक्स के बाहर




से जोरदार शॉट मारकर गेंद को टॉप कॉर्नर में पहुंचाया। विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत है और अब वे दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे हैं। वॉल्व्स की स्थिति और बिगड़ गई है और टीम सिर्फ 2 अंकों के साथ सबसे नीचे है। ब्राइटन की 2-0 से जीत, डे क्यूपर और तज़िमास ने दिलाए तीन अंक ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से हराकर प्रीमियर लीग तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया। शुरूआत से ही ब्राइटन ने तेज खेल दिखाया और पहले हाफ में ही 13 शॉट लिए। पहला गोल हाफ टाइम से ठीक पहले हुआ जब जॉर्जिनियो रुटर ने शानदार क्रॉस देते हुए डे क्यूपर को ढूंढ निकाला। बेल्जियन डिफेंडर ने गेंद को आसानी से नेट में पहुंचाया। मैच के 88वें मिनट में युवा ग्रीक खिलाड़ी स्तेफानोस तज़िमास ने फॉरेस्ट डिफेंडर मोराटो की खराब बैक-हेडर का फायदा उठाते हुए दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी। फॉरेस्ट, जिसने पिछले दो मैच जीते थे– जिसमें लिवरपूल पर 3-0 की बड़ी जीत भी शामिल थी– इस मैच में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सका और अब 12 अंकों के साथ 16वें स्थान पर है। ब्राइटन के 22 अंक हैं और टीम चौथे स्थान पर मौजूद चेल्सी से सिर्फ एक अंक पीछे है, जिसके पास एक मैच शेष है।

# बीसीसीआई के बाद विराट ने भी संन्यास से वापसी की अटकलों को खारिज किया

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह अब केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलेंगे और टेस्ट में वापसी करने का उनका कोई इरादा नहीं है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी विराट के एक फिर टेस्ट खेलने की संभावनाओं को गलत बताया था। भारतीय टीम की दक्षिणअफ्रीका से के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से करारी हार को देखते हुए ये अटकलें लगायी जा रही थीं कि विराट संन्यास से वापसी कर सकते हैं। ये भी कहा जा रहा था कि बीसीसीआई कोहली से उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के



फैसले को बदलने के लिए भी बात करने की योजना बना रहा था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, विराट के संन्यास से वापसी की बातें केवल एक अफवाह है। इस बारे में कोहली से कोई बातचीत नहीं हुई है। आधारहीन बातों को न फैलाएं ऐसा कुछ नहीं हुआ है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में शानदार शतक लगाया इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। वहीं तक विराट से जब पूछा गया कि वह आगे भी क्या सिर्फ एक ही प्रारुप में खेलते नजर आएंगे? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, हां, हमेशा ऐसा ही होगा। मैं तो बस एकदिवसीय ही खेलूंगा। ऐस में देखना होगा कि टीम प्रबंधन एकदिवसीय विश्वकप 2027 को लेकर क्या योजना बनाता है। अब तक के अनुममानों से दिख रहा है कि प्रबंधन रोहित और विराट को अगले विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा नहीं मानता है। कोहली और ने इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले ही टेस्ट से संन्यास ले लिया था।

# ब्रिसबेन में वापसी की तैयारी कर रहे स्टोक्स

### पहले टेस्ट में की गयी कमियों से भी सीख ली

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स पर्थ में एशेज क्रिकेट सीरीज की हार से उबरकर अब यहां 4 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे। स्टोक्स 2010-11 में एंड्रयू स्ट्रॉस बाद एशेज जीतने वाले पहले इंग्लैंड के कप्तान बनना चाहते हैं और इसके लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे। इंग्लैंड को पर्थ में हार के बाद वापसी के लिए दिग्गज खिलाड़ियों ने कई प्रकार के टिप्स दिये हैं। जिससे स्टोक्स उत्साहित हैं। उनका लक्ष्य गेंदबाजी लाइनअप में विविधता लाना भी है। स्टोक्स टीम के सकारात्मक पक्ष को उभारना चाहते हैं। उनकी टीम ने पहले टेस्ट की पहली पारी में अच्छी बढ़त हासिल की और एक समय पर तीसरी पारी में बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रही थी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि टीम ने ऐसे अवसरों की भी पहचान की है जिससे वे पीछे रह गये थे।

स्टोक्स ने कहा, ह्वहम जानते हैं कि उस पहली हार के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक निराश होंगे पर ये पांच मैचों की सीरीज है, और हमें चार मैच अभी खेलने हैं। हम पहला मैच हार चुके हैं पर हम अब भी सीरीज जीतना चाहते हैं।ह्वस्टोक्स ने कहा, ह्वहमने उस टेस्ट में कुछ अच्छी चीजें कीं। जिस तरह से हमने पहली पारी में प्रभावी गेंदबाजी की, और हम तीसरी पारी में 1 विकेट पर 100 रन ही बना पाये थे। इसके साथ ही हमने ऐसा स्कोर बनाया जिसे हमें लगा कि निश्चित रूप से उसका बचाव किया जा सकता है।ह्व उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं, और हमने इस पर ध्यान दिया है कि गलती कहां हुई थी। इसके अलावा वो कौन से अवसर थे जिसमें हम बेहतर कर सकते थे। स्टोक्स ने अपनी टीम के रवैये की भी प्रशंसा की



# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट को आईपीओ के लिए सेबी से मिली अंतिम मंजूरी

एजेंसी

**मुंबई।** देश की बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल) को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 08 जुलाई 2025 को सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उसके आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के साथ अंतिम मंजूरी पर मुहर लग गई है। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड की ओर से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा। बोनस इश्यू होने के बाद प्रमोटर अधिकतम 4.94 करोड़ इक्विटी शेयर (01 रुपये फेस वैल्यू प्रत्येक) बेच सकेगा।




कंपनी का म्यूचुअल फंड का तिमाही औसत एयूएम 8.79 लाख करोड़ रुपये है, जो बाजार में सबसे अधिक है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड जल्द ही आईपीओ की तारीखों की घोषणा कर सकता है। यह चालू वित्त वर्ष 2025-26 का सबसे बड़ा एएमसी आईपीओ हो सकता है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस की तारीख तक कंपनी का जारी, सब्सक्राइब और पेड-अप शेयर कैपिटल एक रुपये के 17,652,090 शेयर हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, मॉर्गन स्टेनली इंडिया, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया, एक्सिस कैपिटल, सीएलएसए इंडिया, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, गोल्डमैन सैश (इंडिया), अवेंडस कैपिटल, बीएनपी पारिबा, एचडीएफसी बैंक, जेएम फाइनेंशियल, मोतीलाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट आईसीआईसीआई बैंक और ब्रिटेन की प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स के बीच 1998 से चल रहा एक संयुक्त उद्यम है। क्रिसिल रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2025 तक कंपनी का म्यूचुअल फंड क्वार्टरली एवरेज एयूएम (क्यूएएयूएम) 8.79 लाख करोड़ रुपये था, जिसके आधार पर उसकी बाजार हिस्सेदारी 13.3 फीसदी है, जो देश में सर्वाधिक है।

## 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के मुनाफे के बाद तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में बाजार में लिस्ट हुई कंपनी लेंसकार्ट के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। बाजार की नई-नवेली कंपनी लेंसकार्ट के शेयर सोमवार को बीएसई में 5 पर्सेंट से ज्यादा उछलकर 432.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के शानदार नतीजों के बाद लेंसकार्ट के शेयरों में यह तेजी देखने को मिली है। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयर 10 नवंबर 2025 को बाजार में लिस्ट हुए हैं। लेंसकार्ट को हुआ है 102 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा लेंसकार्ट का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 20 पर्सेंट बढ़ा है। शेयर बाजार की इस नई-नवेली कंपनी को सितंबर 2025 तिमाही में टैक्स भुगतान के बाद 102.22 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में लेंसकार्ट को 85.47 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। लेंसकार्ट ने अपनी लिस्टिंग के बाद शनिवार को अपने पहले तिमाही नतीजे जारी किए हैं। लेंसकार्ट का मुनाफा तिमाही आधार पर 67 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 61.17 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी को 164.62 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 75.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 20.8 पर्सेंट बढ़कर 2096.14 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 1735.68 करोड़ रुपये था। आईपीओ में लेंसकार्ट के शेयर का दाम 402 रुपये था। कंपनी के शेयर बीएसई में डिस्काउंट के साथ 390 रुपये पर और एनएसई में 395 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 403.30 रुपये पर बंद हुए। वहीं, एनएसई पर कंपनी के शेयर 403.10 रुपये पर बंद हुए। लेंसकार्ट का आईपीओ टोटल 28.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 7.56 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

## एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना फिर भी चढ़े शेयर के भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने निदेशक मंडल में नियुक्ति से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने के लिए कर्ज में डूबी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बावजूद इसके शेयर आज बढ़त पर हैं। शुरुआती कारोबार में स्टॉक में काफी उतार-चढ़ाव दिख रहा है। आज यह स्टॉक 38.32 रुपये पर खुला और 38.60 रुपये के हाई पर पहुंचा। वहीं, 38.19 रुपये के लो को भी टच किया। सुबह साढ़े 10 बजे के करीब यह मामूली बढ़त के साथ 38.39 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का हाई 61.87 रुपये और लो 37.42 रुपये है। इस साल शेयर ने 23.89 प्रतिशत का नुकसान पहुंचाया है और पिछले 5 दिनों में 1.82 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। कंपनी ने अपने आखिरी तिमाही में 943.15 करोड़ रुपये का नुकसान (नेट प्रॉफिट -943.15 करोड़) दर्ज किया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पास इस शेयर में 30 सितंबर 2025 तक 0.04 प्रतिशत की होल्डिंग है, जो पिछली तिमाही के मुकाबले कम हुई है। एमटीएनएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इसे नियमों के अनुसार चार और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने हैं, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रही है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, एनएसई और बीएसई दोनों ने सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की धारा 17(1) के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 5,42,800 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें 4.6 लाख रुपये मूल जुर्माना तथा 82,800 रुपये 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

# ब्याज दरों में कटौती की आस में उछला सोना

**● केंद्रीय बैंकों की बैठकों पर निगाहें ● दरों में बदलाव की संभावना ● विशेषज्ञों ने बताए अहम स्तर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में सोमवार, 1 दिसंबर को भारी तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर सोने के फरवरी वायदा में करीब 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ भाव 1,30,425 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गए। वहीं, चांदी के मार्च वायदा 1.9 प्रतिशत चढ़कर 1,78,289 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसी महीने ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के कारण आया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति 3 से 5 दिसंबर तक बैठक करेगी। इस दौरान बेंचमार्क ब्याज दरों और नीतिगत रुख पर फैसला लिया जाएगा। वर्तमान में देश में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और आर्थिक विकास दर मजबूत है। वहीं, अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी 9-10 दिसंबर को बैठक कर अमेरिकी ब्याज दर पर निर्णय लेगी। बाजार अमेरिकी फेड से दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। सीएमई के फेडवॉच टूल के मुताबिक, व्यापारी अगले हफ्ते फेड की दर कटौती की 87 प्रतिशत संभावना आंक रहे हैं। हालांकि, भारत में अनुकूल विकास-मुद्रास्फीति के माहौल को देखते हुए आरबीआई ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का फैसला कर सकता है।



**सोने में सालभर रही तेजी का दौर**

भारत की दूसरी तिमाही की सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जबकि अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इस साल भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी टैरिफ के आर्थिक असर की चिंताओं, केंद्रीय बैंकों की जोरदार खरीदारी और मजबूत खुदरा मांग के चलते सोने की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। घरेलू स्पॉट सोने के भाव में इस साल अब तक 66 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई है। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने बताया कि सोने ने इस साल लगभग हर महीने लाभ दर्ज किया है और 1979 के बाद से इसका सबसे अच्छा वार्षिक प्रदर्शन होने जा रहा है। पृथ्वीफिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का समर्थन 4,234 और 4,200 प्रति ट्रॉय औंस पर है।

## सैमसंग ने दोस्त सेल्स प्रोग्राम का विस्तार किया, 9,400 युवाओं को रिटेल सेक्टर में तैयार करने का लक्ष्य


एजेंसी

**मुंबई।** सैमसंग ने भारत में युवाओं को रिटेल क्षेत्र में रोजगार-योग्य बनाने के लिए अपने प्रमुख दोस्त सेल्स प्रोग्राम को बड़े पैमाने पर विस्तार दिया है। कंपनी ने घोषणा की है कि इस पहल के तहत देशभर के वंचित और कम सेवा प्राप्त समुदायों से आने वाले 9,400 युवाओं को रिटेल भूमिकाओं के लिए तैयार किया जाएगा। सैमसंग के मुताबिक, यह कार्यक्रम युवाओं को रिटेल उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक बुनियादी कौशल, आत्मविश्वास और व्यावहारिक समझ प्रदान करेगा। यह स्किलिंग प्रोग्राम इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया और टेलीकॉम सेक्टर स्किल्स काउंसिल के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षण को उद्योग मानकों के अनुरूप बनाया गया है। कंपनी के सीएसआर हेड शुभम मुखर्जी का कहना है कि यह पहल न केवल युवाओं को कौशल प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें देश की बढ़ती डिजिटल और आर्थिक प्रगति का हिस्सा बनने में सक्षम बनाएगी। प्रशिक्षण पूरा करने वाले उम्मीदवारों को सरकारी मान्यता प्राप्त एनएसक्यूएफ सर्टिफिकेशन दिया जाएगा, जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें संगठित रिटेल सेक्टर में दीर्घकालिक करियर के अवसर प्रदान करेगा। सैमसंग का कहना है कि यह कार्यक्रम देश के तेजी से विस्तारित रिटेल बाजार के लिए प्रशिक्षित और सक्षम वर्कफोर्स तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# गडकरी की स्कीम पर टूटे लोग, साढ़े तीन महीने में 36.3 लाख यूजर्स जुड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में फास्टैगएनुअल पास की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। टोल वाले नेशनल हाइवेज पर सफर करने वाला हर पांच में से एक कार यूजर अब फास्टैग एनुअल पास का यूज कर रहा है। यह स्कीम लॉन्च होने के सिर्फ साढ़े तीन महीने में ही बहुत पॉपुलर हो गई है। अभी तक 36.3 लाख लोग इस पास का इस्तेमाल कर रहे हैं और हर दिन करीब 20,000 नए लोग इसे खरीद रहे हैं। फास्टैग एनुअल पास की कीमत 3,000 रुपये है। इस पास से कार मालिक साल भर में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। प्लाजा पर सिर्फ 15 रुपये का खर्च आता है। शहरों के बीच सफर करने वालों के लिए यह सबसे आसान और सस्ता तरीका साबित हुआ है। 12 से ज्यादा टोल प्लाजा से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 40 प्रतिशत से ज्यादा कार यूजर इसी एनुअल पास से टोल चुका रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि पूरे देश में, कारों के लिए होने वाले कुल टोल पेमेंट में से करीब 22 प्रतिशत एनुअल पास से हो रहे हैं। दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेसवे पर नया शुरू हुआ बिजवासन टोल प्लाजा सबसे आगे है, जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा पेमेंट इसी पास से हो रहे हैं। इसके बाद दिल्ली का मुंडका टोल प्लाजा (48.2 प्रतिशत) और हरियाणा के सोनीपत का जिंझोली प्लाजा (47 प्रतिशत से ज्यादा) हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि हर दिन औसतन करीब 13



लाख टोल पेमेंट एनुअल पास के जरिए हो रहे हैं। टोल ऑपरेटर्स और यात्रियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस नए सिस्टम ने लेकर यात्रियों और टोल वसूलने वालों के बीच किसी भी तरह की लड़ाई या झगड़े की कोई खबर नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि इस सिस्टम के ज्यादा इस्तेमाल से टोल गेट्स पर लगने वाली भीड़ भी काफी कम हो गई है। ह्रद्ध की सहायक कंपनी ह्र्स्टरके एक टॉप अधिकारी ने कहा कि इससे टोल ऑपरेटर्स का काम और भी बेहतर हो गया है। हम जल्द ही इस स्कीम के असर का पूरा जायजा लेंगे।

# आरबीआई ने एफडी, जमा खातों पर ब्याज दरों को लेकर जारी किए निर्देश

**नियम भी बदले, न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर ब्याज नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देशभर के व्यावसायिक बैंकों के लिए जमा खाता की ब्याज दर से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत बचत खाते में एक लाख रुपये तक की धनराशि पर सभी बैंक एक समान दर से ब्याज देंगे। एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं। मौजूदा नियमों के हिसाब से बैंक बचत खाते में जमा धनराशि पर अलग-अलग दर से ब्याज देते हैं, लेकिन अब आरबीआई ने उसे दो हिस्सों में बांट कर ब्याज निर्धारित करने का निर्देश दिया है। ब्याज हर दिन के अंत के खाते में जमा रकम के हिसाब से लगेगा। बैंकों को ब्याज तीन महीने में एक बार खाते में जमा कराना होगा। आरबीआई ने कहा कि




इन नियमों का उद्देश्य ग्राहक हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता और बैंकिंग व्यवस्था में एकरूपता लाना है। आरबीआई ने बचत, चालू बैंक खाते समेत सावधि जमा (एफडी) और ओवरड्यू एफडी समेत अन्य नियमों में कई अहम बदलाव किए हैं। इसके मुताबिक, बैंक द्वारा तय न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। आरबीआई ने एफडी की न्यूनतम मानक अवधि सात दिन की है, लेकिन बैंक अपने मुताबिक इसे अधिक न्यूनतम अवधि तय कर सकते हैं। नए नियमों में न्यूनतम अवधि पूरी होने पर एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक आपको वही ब्याज देगा, जो उस अवधि के लिए लागू है। यानी जितने समय तक पैसा बैंक में रहा, इस अवधि का ही ब्याज मिलेगा। पहले से तय तय की गई ऊंची ब्याज दर लागू नहीं होगी। यही नहीं, नए नियमों में यह भी जोड़ा गया है कि अगर किसी एफडी की मेच्योरिटी पीरियड गैर-कारोबारी दिन पर पड़ती है, तो ग्राहक को उस दिन का भी ब्याज मिलेगा और बैंक अगले कार्यदिवस को भुगतान करेगा।

# मुंबई में टूट गए प्रॉपर्टी बिक्री के सारे रिकॉर्ड, भर गया सरकार का खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में नवंबर में प्रॉपर्टी बिक्री के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। मुंबई देश का सबसे बड़ा और सबसे महंगा प्रॉपर्टी बाजार है। शहर में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के बड़े प्रोजेक्ट्स के कारण शहर की तस्वीर बदल रही है और प्रॉपर्टी की डिमांड भी बढ़ रही है। नवंबर में शहर में 12,219 प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। इससे सरकारी खजाने को भी फायदा हुआ है। रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी से राज्य को 1,038 करोड़ रुपये मिले हैं, जो पिछले साल से 12 प्रतिशत ज्यादा है। यह जानकारी महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन एंड कंट्रोलर ऑफ स्टाम्प्स के आंकड़ों से मिली है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक नाइट फ्रैंक इंडिया के सी एम डी , शिशिर बैजल ने कहा, मुंबई का आवासीय बाजार नवंबर में भी अपनी लगातार अच्छी चाल बनाए हुए है। सभी सेगमेंट में मांग मजबूत है और लोग ऊंचे दामों वाले घरों की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। पहले 11 महीनों में 135,000 से ज्यादा यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जिससे बाजार एक मजबूत स्तर पर पहुंच गया है। हर महीने की गतिविधि लगातार अच्छी बनी हुई है। वॉल्यूम और रेवेन्यू दोनों में स्थिरता एक परिपक्व डिमांड साइकल और मुंबई में खरीदारों के भरोसे को दर्शाती है। 1,000 वर्ग फुट तक के छोटे घर अभी भी सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। कुल रजिस्ट्रेशन में इनका हिस्सा 84 प्रतिशत रहा। 500 से 1,000 वर्ग फुट के बीच के घर सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। 1,000 से 2,000 वर्ग फुट के बड़े घरों का हिस्सा बढ़कर 13 प्रतिशत हो गया है। 2,000 वर्ग फुट से बड़े अपार्टमेंट का हिस्सा भी बढ़कर 4 प्रतिशत हो गया है। यह दिखाता है कि लोग बड़े और आरामदायक घरों की तलाश में हैं।

## 12,224 करोड़ का रेवेन्यू

इस साल के पहले 11 महीनों में मुंबई में कुल 135,807 प्रॉपर्टी डील हुई। इससे सरकार को 12,224 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिला है। यह साल प्रॉपर्टी बिक्री के लिए रिकॉर्ड तोड़ने वाला साबित हो रहा है। रजिस्ट्रेशन में पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह खरीदारों के मजबूत भरोसे के कारण बाजार में लगातार बनी हुई तेजी को दिखाता है। शेट रियलिटी के सी एम डी , चिन्तन शेठ ने कहा, मुंबई में बड़े पैमाने पर हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम शहर की कनेक्टिविटी को बेहतर बना रहे हैं और विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। इसका सीधा असर जमीन पर हो रही प्रॉपर्टी की बिक्री में दिख रहा है। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर से नए इलाकों में रहने की सुविधा बढ़ रही है, इसलिए खरीदार आत्मविश्वास से आगे आ रहे हैं। बाजार में यह लगातार बनी हुई तेजी एक मजबूत बाजार माहौल को दर्शाती है। इसके साथ ही मॉर्गेज रेट्स का कम होना भी प्रॉपर्टी की बिक्री को बढ़ावा दे रहा है। रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की मांग सबसे ज्यादा रही। नवंबर में हुए कुल रजिस्ट्रेशन में से 80 प्रतिशत आवासीय प्रॉपर्टी के थे। बड़े और प्रीमियम घरों की मांग बढ़ी है। 5 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों का हिस्सा बढ़कर 7 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले साल 5 प्रतिशत था। 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये के बीच के घरों का हिस्सा बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है।



## तियन सुन्दर



– रामदेव बड़ाईक, रांची।

बहू रानी रांइध रहैं, तियन
सुन्दर, भेड़वा लर-लर मेसा,
पेचकी पिछर।

ढक्कन डाबा रोटी रहे,
मड़ुआ कर, बहू रानी रांइध
रहैं, तियन सुन्दर,
भेड़वा लर - लर मेसा,
पेचकी पिछर।

चटनी धनियां पिसल रहे,
सिलोठ लोरहा कर,
बहू रानी रांइध रहैं, तियन
सुन्दर, भेड़वा लर-लर मेसा,
पेचकी पिछर।

खाय ले सब बइस रहैं, रहे
बियारी पहर, बहू रानी रांइध
रहैं, तियन सुन्दर, भेड़वा लर
- लर मेसा, पेचकी पिछर।

मांइग - मांइग सउब खालैं,
छउवा - पुता घरकर,
बहू रानी रांइध रहैं, तियन
सुन्दर, भेड़वा लर - लर
मेसा, पेचकी पिछर।

# वाराणसी में काशी तमिल संगमम्-4.0 कर सुभारंभ आइज से

## आयोजन से पहिले कार्जकरम कर माध्यम से सउब के जोड़ल जात हे, रंगोली प्रतिजोगिता में बिभिन्न सिछन संस्थान कर छात्रमन लेलयं भाग

**सोनू सपवार**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर परिकल्पना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कर अंतर्गत काशी तमिल संगमम्-4.0 कर आयोजन 2 दिसंबर से वाराणसी में होवेक जात हे। ई पूरा आयोजन सिछा मंत्रालय कर देखरेख में होवत हे। वाराणसी में ई आयोजन कर मेजबानी काशी हिंदू विश्वविद्यालय करत हे। आयोजन से पहिले कतई कार्जकरम कर माध्यम से सउब अदमीमन के जोड़ल जात हे। इकर अंतर्गत वसंत कॉलेज फॉर वीमेन, वाराणसी में 26 नवंबर से प्रमोशनल अकादमिक गतिबिधि कर श्रृंखला सुरु होलक। तमिलनाडु आउर काशी कर बीच प्राचीन सांस्कृतिक आउर सभ्यतागत संबंध कर उत्सव काशी तमिल संगमम् में केदारघाट में तमिल मेहमानमन नमामि गंगे समूह कर संगे मां गंगा कर आरती करलयं। भारत कर सुख-समरिधि ले आसिरबाद मांगलयं। ई दौरान केदारघाट में पधारल तमिल मेहमानलयं ने मां गंगा कर स्वच्छता में भी हाथ बंटालयं। काशी तमिल संगमम् 4.0 कर थीम तमिल सीखें - तमिल करकलाम कर तहत केदारघाट में उपस्थित सरधालुमन के तमिल भासा कर सब्द से परिचित कराल गेलक।


नमो घाट में इंस्टॉलेशन आर्ट प्रतियोगिता-2025 कर भव्य आयोजन करल गेलक, जेकर मुध उद्देस काशी आउर तमिलनाडु कर समरिध सांस्कृतिक बिरासत कर उत्सव मनायेक रहे। काशी कर परसिध अस्सी घाट एगो बिसेस आकरसन कर केन्द्र बनल रहे, जब घाट कर सीढ़ि रंगझबिरंग कर रंगोली से सजल देखाई देलक। रंगोली प्रतिजोगिता में बिभिन्न सिछ्न संस्थान कर छात्रमन बइढ़-चइढ़ के हिस्सा लेलयं। घाट में बिहाने से हे रंग कर रौनक देइख के स्थानीय अदमीमन कर संगे-संगे देस-बिदेस से आवल पर्यटक भी आकरसित होलयं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय कर कला संकाय पोस्टर मेकिंग प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। प्रतिजोगिता में काशी आउर तमिलनाडु कर सांस्कृतिक बिरासत के एक सूत्र में बांधेक कर अनोखा प्रयास देखेक ले मिललक। अनेकता में एकता थीम उपरे आधारित ई कार्जकरम में 150 से बेसी छात्रमन भाग लेलयं।























# एड्स से बचाव कर देवल गेलक संदेस, करल गेलक जागरूक



## संत जेवियर कॉलेज रांची कर छात्रमन कई नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करलयं

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बिस्ब एड्स दिवस में अदमीमन के जागरूक करेक ले कई कार्जकरम आयोजित करल गेलक। संत जेवियर कॉलेज रांची कर छात्रमन कई नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करलयं। इकर माध्यम से ऊमन एड्स कर रोकथाम इया बचाव ले नाटक प्रस्तुत करलयं। ऊमन बिभिन्न सांस्कृतिक कार्जकरम कर माध्यम से एचआईवी कर रोकथाम ले सांस्कृतिक कार्जकरम प्रस्तुत करलयं। कतई नर्सिंग कॉलेज कर छात्रामन नुक्कड़ नाटक कर माध्यम से एड्स से बचाव कर जानकारी देलयं।

बिस्व एड्स दिवस कार्जकरम कर पूर्ब संध्या में 30 नवंबर के रांची सदर अस्पताल परिसर से लेइ के मिशन चौक तक कैंडल मार्च निकालल गेलक। इकर में नर्सिंग कॉलेज कर छात्रामन आउर संत जेवियर कॉलेज कर छात्रमन हाथ में कैंडल लेइ के मार्च करलयं। आम अदमी के एडस/ एचआईवी से होवेक वाला खतरा कर प्रति जागरूक करलयं। संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग तुपुदाना रांची कर छात्र छात्रमन कर बिस्व एड्स दिवस में जागरुकता कार्जकरम आउर रैली कर आयोजन करल गेलक। अदमीमन के एड्स से बचाव के लेइ के नुक्कड़ नाटक कर द्वारा जागरूक करलयं। नर्सिंग कर बिद्यार्थीमन ई कार्जकरम में परदरसन देलयं आउर भाग लेलयं।





# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनाल गेलक गीता जयंती

### गीता पाठ आउर मधुर भजन में खूब झूमलयं भक्त

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग इस्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में गीता जयंती सोमार के एकदम हरसोल्लास आउर आध्यात्मिक बाताबरन में मनाल गेलक। बिहाने भगवान श्री राधा-कृष्ण कर मंगल आरती कर संगे कार्जकरम कर सुभारंभ होलक। मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे वैदिक मंत्रोच्चारन आउर गोटा बिधि-बिधान से बिसेस पूजा-अनुष्ठान संपन्न करालयं। ई अवसर में ठाकुरजी कर भव्य आउर अलौकिक श्रृंगार बिसेस आकरसन कर केंद्र रहे। स्वर्न-रजत आभूसन, सुंदर पुस्प-माला आउर बिबिध किसिम कर पारंपरिक परिधान से अलंकृत श्री राधा-कृष्ण के देइख के भक्त मंत्रमुग्ध होए उठलयं। पंडित मेवा, फल, मिष्ठान्न आउर बिबिध किसिम कर ब्यंजन से ठाकुरजी के भोग अर्पित करलयं। गीता पाठ कर महत्व उपरे परकास डाललयं।

भजन जागरण कार्जकरम में गायक मनीष सोनी आउर उनकर टीम श्रीकृष्ण-भक्ति से ओत-प्रोत कई मनमोहक भजन कर प्रस्तुति देलयं। भजन गोटा बाताबरन के भक्तिमय कइर देलक। भजन गायिका पूजा शर्मा आउर निधि शर्मा भी आपन मधुर बानी से सरधालुमन के भाव-बिभोर कइर देलयं। भजन-कीर्तन कर बाद भक्त कर बीच प्रसाद बितरन करल गेलक। ट्रस्ट कर उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल आउर प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ गीता जयंती कर ऐतिहासिक आउर आध्यात्मिक महत्व बिस्तार से बतालयं। कहलयं कि गीता खली एगो धरमग्रंथ नई, बमुदा जिनगी कर बेवहारिक मार्गदरसन आउर मानवता कर संदेस देवेला। ऊ भक्तमन से आग्रह करलयं कि गीता कर उपदेस के आपन दैनिक जिनगी में अपनाय के समाज आउर राष्ट्रहित में जोगदान देऊ। ई अवसर में -डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, सुरेश भगत, मनीष जालान, संगे बड़ संख्या में महिला, पुरुस पहुंचल रहयं।







## सांझ



अजित महली, छात्र जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग।

आइझ माटीक उपरे,
काइल माटिक नीचे,
के जानी कती खन,
जिनगीक सांझ होय जाइ।1।

सोचते बुझते बेरा,
कती खन डूबी,
के जानी कती खन,
जिनगीक सांझ होय जाइ।2।

जवानिक धुंगिया में,
पहचान आपन बनायले,
के जानी कती खन,
जिनगीक सांझ होय जाइ।3।

नॉवा लहू नॉवा जोस,
इतिहास आपन बनायले,
के जानी कती खन,
जिनगीक सांझ होय जाइ।4।

जवानिक धुंगिया जने बही,
गोटा दुनियां तने बही,
के जानी कती खन,
जिनगीक सांझ होय जाइ।5।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com